


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 157

ग्वालियर, मंगलवार, 27 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## वन-टू-वन



**करगिल विजय के 22 साल**

## पाकिस्तानी जमीन पर कब्जा करने की अनुमति मिलनी चाहिए थी : पूर्व सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** करगिल युद्ध के समय भारतीय सेना के प्रमुख रहे जनरल वीपी मलिक ने 22 साल पहले लड़े गए इस युद्ध को याद करते हुए इससे जुड़ी कई बातें बताईं। उन्होंने कहा कि उस समय हमें पाकिस्तान की कुछ जमीन पर कब्जा करने की अनुमति मिलनी चाहिए थी। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में जनरल मलिक के हवाले से बताया गया है कि करगिल युद्ध में भारतीय सेना का ऑपरेशन विजय राजनीतिक, सैन्य और कूटनीतिक कार्रवाई का मिलाजुला रूप था। हम मुश्किल हालात को बड़ी सैन्य और कूटनीतिक जीत में बदल सके। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने मंसूबों में बुरी तरह नाकाम हुआ था। उसे राजनीति और सेना के मोर्चे पर इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। वीपी मलिक ने बताया कि युद्ध के समय भारतीय इंटेलिजेंस दुरुस्त नहीं थी और सर्विलांस का सही सिस्टम मौजूद नहीं था। पाकिस्तान के हमले के बाद भारतीय सेना को संगठित होने और कारगर कदम उठाने में कुछ समय लगा, लेकिन युद्धभूमि में एक के बाद एक मिलने वाली विजय और सफल राजनीतिक-सैन्य रणनीति के दम पर न सिर्फ भारत ने यह जंग जीती बल्कि दुनिया में एक जिम्मेदार देश के रूप में अपनी छवि भी मजबूत की। एक ऐसा देश जो डेमोक्रेटिक है और अपनी सीमाओं की रक्षा भी कर सकता है।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री येदियुरप्पा का इस्तीफा


## मौका देने के लिए मोदी और शाह का शुक्रिया अदा किया, बोले- मैं हमेशा अग्निपरीक्षा से गुजरा हूं

कर्नाटक, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने सोमवार को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। राज्य में आज ही भाजपा सरकार के दो साल पूरे हुए हैं। इसी कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे येदियुरप्पा ने इस्तीफे का ऐलान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अग्निपरीक्षा से गुजरा हूं। कुछ ही देर बाद उन्होंने राजभवन पहुंचकर गवर्नर को इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद उन्होंने कहा कि उन पर हाईकमान का कोई प्रेशर नहीं है। मैंने खुद इस्तीफा दिया। मैंने किसी नाम को नहीं सुझाया है। पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। कर्नाटक की जनता की सेवा का मौका देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का शुक्रिया।

### लिंगायत समुदाय पर मजबूत पकड़

येदियुरप्पा की लिंगायत समुदाय पर मजबूत पकड़ है। ऐसे में उनके इस्तीफे के बाद भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती इस समुदाय का साधने की होगी। बीते दिन ही विभिन्न लिंगायत मठों के 100 से अधिक संतों ने येदियुरप्पा से मुलाकात कर उन्हें समर्थन की पेशकश की थी। संतों ने भाजपा को चेतावनी दी थी कि अगर उन्हें हटाया गया, तो परिणाम भुगतने होंगे।



### नए मुख्यमंत्री के दावेदारों में कौन-कौन?



*येदियुरप्पा की जगह लिंगायत समुदाय से ही आने वाले किसी और मंत्री या विधायक को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा भी किया गया है कि भाजपा इस बार गैर-लिंगायत पर दांव खेल सकती है। फिलहाल अगले मुख्यमंत्री के तौर पर जिन नामों की चर्चा है, उनमें पहला नाम है बसवराज बोम्मई का। बोम्मई जो लिंगायत समुदाय से आते हैं और कर्नाटक सरकार में गृह मंत्री होने के साथ-साथ संसदीय कार्य मंत्री और कानून मंत्री भी हैं। भाजपा हाईकमान विश्वेश्वरा हेगड़े कगेरी के नाम पर भी विचार कर रही है। कगेरी कर्नाटक का ब्राह्मण चेहरा हैं और फिलहाल कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष हैं। राज्य के खनन मंत्री एमआर निरानी को भी नए मुख्यमंत्री का मजबूत दावेदार बताया जा रहा है। ये भी लिंगायत समुदाय से आते हैं। निरानी पार्टी हाईकमान से मुलाकात के लिए रविवार शाम दिल्ली पहुंचे थे। इसके अलावा केंद्रीय कोयला खनन मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी का भी*

### लिंगायत प्रभाव 100 विधानसभा सीटों पर

कर्नाटक में लिंगायत समुदाय 17 प्रतिशत के आसपास है। राज्य की 224 विधानसभा सीटों में से तकरीबन 90-100 सीटों पर लिंगायत समुदाय का प्रभाव है। राज्य की तकरीबन आधी आबादी पर लिंगायत समुदाय का प्रभाव है। ऐसे में भाजपा के लिए येदि को हटाना आसान नहीं होगा। उनको हटाने का मतलब इस समुदाय के वोटों को खोना होगा।

### दिल्ली में भी शुरू हुई हलचल

बीएस येदियुरप्पा के इस्तीफे के ऐलान के बाद दिल्ली में भी हलचल तेज हो गई है। इस बीच भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कर्नाटक प्रभारी अरुण सिंह से बात की है। माना जा रहा है कि जल्द ही ऑब्जर्वर के नाम का ऐलान हो सकता है, जिसके बाद मुख्यमंत्री चुना जाएगा।

### 16 जुलाई को अचानक पीएम मोदी से मिलने पहुंचे थे

इससे पहले येदियुरप्पा ने 16 जुलाई को दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। अचानक हुई इस मुलाकात ने येदियुरप्पा के इस्तीफे की अटकलों को हवा दे दी थी। इसके बाद उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्?डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी।

### भाजपा के लिए येदियुरप्पा का सपोर्ट जरूरी क्यों?

- येदि लिंगायत जाति के कद्दावर नेता हैं। वे कर्नाटक की राजनीति के धुरंधर हैं। फिलहाल उनके कद का नेता कांग्रेस या अन्य किसी पार्टी के पास भी नहीं है।
- लिहाजा अगर भाजपा उन्हें पद से हटाकर किसी और को मुख्यमंत्री बनाती है तो भी येदियुरप्पा के समर्थन की जरूरत होगी।
- कर्नाटक में 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं। अगर येदियुरप्पा भाजपा से कन्नी काटते हैं, तो राज्य में इसका नुकसान भी भाजपा को उठाना पड़ सकता है।

### येदियुरप्पा पहले दिखा चुके हैं अपनी राजनीतिक हैसियत

येदियुरप्पा ने 31 जुलाई 2011 को भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने 30 नवंबर 2012 को कर्नाटक जनता पक्ष नाम से अपनी पार्टी बनाई थी। दरअसल, येदियुरप्पा के इस कदम के पीछे लोकायुक्त द्वारा अवैध खनन मामले की जांच थी। इसी जांच में येदियुरप्पा का नाम सामने आया था। इसका नुकसान भाजपा को उठाना पड़ा था।

# ट्रैक्टर चलाकर संसद पहुंचे राहुल गांधी,

## बोले-कृषि कानून 2-3 बड़े उद्योगपतियों के लिए

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद का मानूसन सत्र आज सोमवार को भी भारी हंगामेदार हो सकता है। कृषि कानूनों के विरोध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ और किसानों के समर्थन में ट्रैक्टर चलाकर संसद पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार को नए कृषि कानूनों को वापस लेना ही होगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि ये कृषि कानून 2-3 बड़े उद्योगपतियों के लिए हैं। ये किसानों के फायदे के लिए नहीं हैं। ये काले कानून हैं। मैं ट्रैक्टर चलाकर किसानों के संदेश को पार्लियामेंट तक लेकर आया हूं। साथ ही राहुल गांधी ने कहा कि किसानों की आवाज को दबाया जा रहा है। इस महिला किसान सदस्य भी इस आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा रही है। महिला किसान सदस्यों की टीम किसान संसद के आयोजन के लिए सिंघु बार्डर से जंतर-मंतर के ओर रवाना हो चुका है। महिला किसान सदस्य सोमवार को जंतर-मंतर पर 'किसान संसद' का आयोजन करेंगी। संयुक्त किसान मोर्चा संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद 22 जुलाई से ही जंतर-मंतर पर तीन कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है। संसद में पेगासस जासूसी मामले में आज फिर हंगामा हो सकता है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में पेगासस प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव का



नोटिस दिया है. इस जासूसी मामले में यह आरोप है कि 300 से अधिक भारतीय मोबाइल फोन नंबरों को इजरायली कंपनी एनएसओ के पेगासस स्पाईवेयर के मार्फत हैकिंग के लिए निशाना बनाया गया, वहीं केंद्र सरकार ने विपक्ष के सभी आरोप को बेबुनियाद बताया है और राजनीति से प्रेरित बताया है। गौरतलब है कि संसद में मानसून सत्र का आज दूसरा सप्ताह शुरू हो चुका है और जासूसी कांड, किसान आंदोलन जैसे मुद्दों के कारण विपक्ष संसद में लगातार हंगामा कर रहा है और इस कारण से सदन की कार्रवाई कई बार स्थगित होती रही है। इस बीच बीते सप्ताह संसद की कार्यवाही के बीच टीएमसी सांसद शांतनु घोष को उनके अशोभनीय व्यवहार के चलते सदन से पूरे सत्र के लिए निलंबित भी कर दिया गया।

# लोकसभा में पेगासस और कृषि विधेयकों को लेकर हंगामा, कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

### शोर-शराबे के बीच सरकार ने दो विधेयक भी पारित कराए



**नई दिल्ली (ए)।** देश में पेगासस जासूसी को लेकर सियासी घमासान के बीच सोमवार को लोकसभा में नए तीन केंद्रीय कृषि कानूनों सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी पार्टियों के सदस्यों के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई, हालांकि इससे पहले सरकार ने सदन में शोर-शराबे के बीच दो विधेयक भी पारित कराए। मॉनसून सत्र के पहले सप्ताह में भी इन मुद्दों को लेकर सदन की कार्यवाही बाधित रही। सोमवार को सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे आरंभ हुई तो विपक्षी दलों के सदस्यों का हंगामा जारी रहा। पीठासीन सभापति रमा देवी ने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और चर्चा में भाग लेने की अपील की। इसके बाद भी हंगामा नहीं थमा। सदन में विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच 'फेक्टर विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020' और 'राष्ट्रीय खाद्य उद्यमिता और प्रबंध संस्थान विधेयक, 2021' पारित किये गए। दोनों विधेयकों को पारित करने के दौरान विपक्षी सदस्यों ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए।

इससे पहले, हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2021 पेश किया और मसूर दाल पर आयात शुल्क घटाकर शून्य करने तथा मसूर की दाल पर कृषि बुनियादी ढांचा विकास उपकर को भी आधा कर 10 प्रतिशत करने संबंधी अधिसूचना को पेश किया। आज सुबह निचले सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने करगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों का स्मरण किया। सदन में सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। अध्यक्ष बिरला ने ओलंपिक में महिलाओं की 49 किलोग्राम वर्ग भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली मीराबाई चानू की उपलब्धि का जिक्र किया और सदन तथा अपनी ओर से उन्हें बधाई दी। इसके बाद बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू करने को कहा, वैसे ही कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्य अपनी-अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करने लगे। कुछ सदस्यों ने अपने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शोर-शराबे के बीच ही प्रश्नकाल की कार्यवाही को आगे बढ़ाया। इस दौरान कुछ सदस्यों ने पूरक प्रश्न पूछे और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उनके जवाब भी दिये। इस बीच, अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से अपने स्थान पर लौटने का आग्रह किया। बिरला ने शोर-शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, 'जनता ने आपको चुनकर भेजा है ताकि आप यहां उनके मुद्दे उठा सकें लेकिन आप नारेबाजी कर रहे हैं, तख्तियां लहरा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि यह ठीक नहीं है। बिरला ने कहा कि सदस्य अपने स्थान पर जाएं और कार्यवाही चलने दें। हालांकि, सदस्यों का हंगामा जारी रहा। व्यवस्था बनते हुए नहीं देख लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजकर 25 मिनट पर दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी।

# डर्टी पिक्चर के खेल में एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी से फिर होगी पूछताछ

## कुंद्रा की याचिका पर हाईकोर्ट में आज हो सकती है सुनवाई

मुंबई, एजेंसी

पोर्न फिल्मों के मामले में गिरफ्तार एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की तरफ से बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर याचिका पर आज सुनवाई संभव है। कुंद्रा ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए, जमानत के लिए अर्जी दायर की है। इस बीच यह जानकारी सामने आ रही है कि कभी उनकी कंपनी में पार्टनर रहीं शिल्पा से मुंबई पुलिस फिर से पूछताछ कर सकती है। आज एक्ट्रेस को फिर से समन दिया जा सकता है। इससे पहले उनसे 23 जुलाई को पूछताछ हुई थी। क्राइम ब्रांच का मानना है कि शिल्पा मनी ट्रेल के कई राज छिपा रही हैं। यह भी संदेह है कि कुंद्रा की काली कमाई को छिपाने के लिए



शिल्पा ने अपने स्टारडम का इस्तेमाल किया। मनी ट्रेल के कुछ महत्त्वपूर्ण दस्तावेज क्राइम ब्रांच टीम के हाथ लगे हैं, इसी मामले में शिल्पा से फिर से पूछताछ होगी। इससे पहले के छापे के दौरान क्राइम ब्रांच ने शिल्पा शेट्टी का लैपटॉप, आईपेड और फोन को क्लोनिंग के लिए जब्त किया था। उसे अहमदाबाद फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। माना जा रहा है कि एक से दो दिन में इसकी रिपोर्ट आ सकती है। जांच के दौरान मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम को शिल्पा और कुंद्रा के एक जॉइंट अकाउंट के बारे में पता चला है। पंजाब नेशनल बैंक में खुले इस खाते में एक साल में कई करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। क्राइम ब्रांच को शक है कि Hotshots App और Bolly Fame App से होने वाली कमाई को इस अकाउंट में भेजा जाता था। जांच में पता चला है कि ये डायरेक्ट ट्रांजेक्शन नहीं होते थे बल्कि अलग-अलग माध्यम से छोटी-छोटी मात्रा में पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। इसे टेक्निकल भाषा में प्लेसमेंट, लेयरिंग, इंटीग्रेशन की मोडस ऑपरेंडी कहा जाता है। 23 जुलाई को जब क्राइम ब्रांच की टीम ने शिल्पा शेट्टी के घर पर छापा मारा था, तब भी उनसे इस बारे में पूछताछ की गई थी।

# महाराष्ट्र में बाढ़ से अब तक 149 मरे, 64 लापता

मुंबई, एजेंसी



महाराष्ट्र में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और भारी बारिश के बीच भूस्खलन की विभिन्न घटनाओं में मरने वालों की संख्या 149 तक पहुंच गई है। साथ ही 50 से ज्यादा लोग अभी तक घायल हो चुके हैं। रायगढ़, रत्नागिरी, कोल्हापुर, सतारा और सांगली जैसे जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना, तटरक्षक बल, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें इन प्रभावित क्षेत्रों में तैनात हैं और पीड़ित लोगों को मदद पहुंचा रही है। पीड़ितों को भोजन, दवा के साथ अन्य सहायता भी पहुंचाई जा रही है। महाराष्ट्र सरकार ने राहत कार्यों के लिए रायगढ़ और रत्नागिरी में से प्रत्येक के लिए 2 करोड़ रुपये और अन्य प्रभावित क्षेत्रों के लिए 50 लाख रुपए फिलहाल मंजूर किए हैं।

### पेगासस जासूसी मामले में ममता ने किया एक कमीशन का गठन

**कोलकाता (ए)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिल्ली दौरे से पहले राजनीति सरगर्मिया बढ़ा दी हैं। दरअसल ममता ने पेगासस जासूसी मामले में जांच के लिए एक कमीशन का गठन किया है। सोमवार को ममता बनर्जी ने कैबिनेट मीटिंग के बाद इसकी जानकारी दी।







# नये कृषि कानून किसानों की आय बढ़ाने में सहयोगीः कृषि मंत्री

## कृषि विज्ञान केन्द्र की 28वीं कार्यशाला का शुभारंभ



**शिवपुरी।**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित मध्यप्रदेश एवं छत्तीसग? राज्यों के कृषि विज्ञान केन्द्रों की 28वीं कार्यशाला का वर्चुअल माध्यम से केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अटारी जबलपुर के माध्यम से मध्यप्रदेश व छत्तीसग? के 81 कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा भाग लिया गया। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने किसानों की आय ब?ाने पर जोर देते हुए कहा कि मोदी सरकार देश भर के किसानों के कल्याण और विकास के लिए कृत संकल्पित है।उन्होंने कहा भारत सरकार द्वारा किसानों के लिए पूरे देश में 10 हजार से अधिक एफपीओ बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके लिए सरकार द्वारा 6850 करो? खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है। एफपीओ के माध्यम से छोटे-छोटे किसानों को जो?कर 300-400 किसानों का एक समूह गठित कर किसान उत्पादक कंपनी बनाई जानी है, जिससे किसानों को लाभ हो सके। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर भारत के तहत डे? लाख करो? का प्रावधान भारत सरकार द्वारा किया गया है जिसमें से एक लाख करो? खेती एवं किसानी पर ही खर्च होना है। उन्होंने कहा कृषि विज्ञान केन्द्र किसानों की आय दुगुनी करने में बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों की टीम गांव-गांव पहुंचकर किसानों को नवीनतम तकनीकी से अवगत कराने के साथ ही कृषि से जु? हुए अन्य व्यवसायों को करने पर प्रशिक्षण, प्रदर्शन के माध्यम से प्रशिक्षित कर रहे हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र का ज्ञान जिले में हर आम किसान तक पहुंचे इसके लिए राज्य सरकार के साथ तालमेल कर कार्य करने की जरूरत है। किसानों को मृदा स्वास्थ्य के मंत्र को समझना होगा तभी खेती से अच्छा उत्पादन लेना संभव हो सकेगा। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी के वैज्ञानिकों की टीम द्वारा ऑनलाइन माध्यम से कार्यशाला में भाग लिया गया। साथ ही साथ ऑनलाइन माध्यम से ही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप-महानिदेशक डॉ.ए.के. सिंह, डॉ.वी.पी. चहल, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि. के कुलपति डॉ.एस.के. राव, निदेशक अटारी जबलपुर डॉ.एस.आर.के. सिंह के अलावा विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं उनके विस्तार निदेशकों द्वारा जु?कर अपने विचार रखे गये। कार्यशाला का आयोजन 28 जुलाई तक चलेगा जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी का अपने पूरे वर्ष किए गए कार्यों का प्रस्तुतीकरण 28 जुलाई को होगा। कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी के प्रमुख डॉ.एस.पी. सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.एम.के. भार्गव, वैज्ञानिक डॉ.पुष्पेन्द्र सिंह, डॉ.ए.एल.बसे?िया द्वारा सहभागिता की

# भगवान चित्रगुप्त मंदिर पर किया गया वृक्षारोपण



## वृक्ष हमारे जीवन भर साथ देते हैं- विधायक प्रागीलाल जाटव



शिवपुरी कायस्थ समाज करैरा के द्वारा भगवान चित्रगुप्त मंदिर श्री दयाल नगर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में करैरा विधायक प्रागीलाल जाटव उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता दतिया कायस्थ समाज के पूर्व अध्यक्ष आर .बी. श्रीवास्तव द्वारा की गई. विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी रवि गोयल, सौरभ तिवारी साहित्यकार, एडवोकेट प्रदीप श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह परमार, एडवोकेट चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, एडवोकेट संजय सक्सैना, इंजीनियर एस पी श्रीवास्तव, डा. डी सी श्रीवास्तव,इंजीनियर नीरज खरे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव उपस्थित रहे. समाज के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.इस अवसर पर करैरा विधायक प्रागीलाल जाटव ने वृक्षारोपण कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुए कहा कि वृक्षारोपण के पुनीत कार्य को हमें अपने जीवन का अंग बनाना चाहिए क्योंकि वृक्षों से जीवन की मुख्य आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें आक्सीजन प्राप्त होती है जिससे हमारे जीवन की सांसें चलती हैं यदि हम इसी प्रकार वृक्ष लगाते रहें और उनकी सुरक्षा करते रहेंगे तो हमें बरसात भी अच्छी मिलेगी और पर्यावरण भी हम संरक्षित कर सकेंगे. समाज के अध्यक्ष इंजीनियर एस पी श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा को मिला बेहतर काम के लिए मिडकॉन अवॉर्ड



**शिवपुरी।**

जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा जो कि समाजिक संस्था के नाम से जानी जाती है अभी हाल ही में उन्होने ग्वालियर के संगम वाटिका , रंग महल में पूरी भारत की जेसीआई संस्थाओं को बेहतर काम के लिए अवार्ड दिया और बहुत संस्थाओं की महिलाओ का सम्मान किया जिसमे जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की महिलाओ को शिवपुरी में सबसे ज्यादा समाज सेवा करने का अवार्ड प्राप्त हुआ । उन्होंने निशुल्क भोजन वितरित किया , निशुल्क वैक्सीनेशन कैम्प लगवाया, निशुल्क डायबिटीज़ का कैम्प लगवाया , ब्लड डोनेशन कैंप लगवाया , अंकुर अभियान के तहत लगभग पूरे शिवपुरी 500 पौधे लगा चुकी है , ओर निशुल्क पॉलीथीन का वहिष्कार करने के लिए पेपर बैग वितरित किए , शिक्षकों का सम्मान किया ऐसे बहुत से काम जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की महिलाओ ने किए । जिसमे आईपीपी जेसी प्रियंका शिवहरे , अध्यक्ष जेसी स्मिता सिंघल , सचिव जेसी तनुजा गर्ग , जेसी नीतू जैन , जेसी कमलेश सक्सेना , जेसी रसमी गोयल , जेसी आशु अग्रवाल , जेसी संध्या अग्रवाल , जेसी भारती जैन , जेसी रानी गोयल , जेसी रिजवाना , जेसी नीता श्रीवास्तव , जेसी कुसुमलता राठौर इन सभी महिलाओ मिड कॉन अवार्ड से सम्मानित किया , जिसमे अध्यक्ष जेसी स्मिता सिंघल ओर समाज सेवी जेसी नीतू जैन को विशेष मिड कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया बेहतर काम करने के लिए सम्मानित किया । और जेसी नीतू जैन का कहना आगे जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के लिए आगे भी समाज सेवा

# समय-सीमा के पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**शिवपुरी।**



जिलाधीश कार्यालय के सभागार में आज सोमवार को समय-सीमा के पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा ने बैठक में सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कि विभागों की समस्त जानकारी और टीएल में सौंपे गए प्रकरणों और आवेदनों की आवश्यक जानकारी के साथ ही बैठक में उपस्थित हो। उन्होंने कहा कि विभागीय गतिविधियों में गति लाए और आवेदकों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए। योजना का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुँचाया जाए। सीईओ श्री वर्मा ने कहा कि कोई भी प्रकरण समय-सीमा से बाहर नहीं होना चाहिए। विधानसभा से आने वाले प्रश्नों की जानकारी समय पर उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि जन्मदिन, पुण्यतिथि सहित अन्य अवसरों पर पौधारोपण करें और अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन को वायुदूत एप डाउनलोड कराकर पौधारोपण की फोटो अपलोड करायें। राशन वितरण सुचारू रूप से किया जाए। दिव्यांग एवं वृद्ध अवस्था के परिवारों को खाद्यान्न घर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 7 तारीख को राशन की दुकानों का निरीक्षण करें एवं अनियमितता बरतने वालो पर कार्यवाही करें। अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भू-माफियाओं एवं अवैध कॉलोनाइजर के विरूद्ध कार्यवाही करें। शासकीय भूमि पर किए गए कब्जों को तुरंत हटाया जाए। मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत मिलावटखोरों के विरूद्ध कार्यवाही करने और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

## शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षाएँ प्रारंभ एवं संचालित करने हेतु दिशा-निर्देश जारी

**शिवपुरी।**

म.प्र.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षण सत्र 2021-22 के लिए शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षाएँ प्रारंभ एवं संचालित करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी एच.पी.वर्मा ने उक्त दिशा-निर्देशों के परिपालन में महामारी अधिनियम 1897 तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में जारी कार्यालयीन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए संपूर्ण जिला शिवपुरी सीमाक्षेत्र हेतु आदेश पारित किया है। शिवपुरी जिले की संपूर्ण राजस्व सीमाक्षेत्र अंतर्गत 26 जुलाई (सोमवार) से शिक्षण सत्र 2021-22 के लिए शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी कैलेण्डर/स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का पालन करते हुये संचालित की जा सकेंगी।

## कोरोना के चलते असमय काल के गाल में समाए राजेश जैन के परिजनों ने पटेल पार्क में लगाया वाटर कूलर,ऑक्सीजन का वाहक पीपल का पौधा भी रोपा









**शिवपुरी।** कोरोना की दूसरी लहर का शिकार हुए सहायक विकास विस्तार अधिकारी राजेश जैन के परिजनों ने आज 26 जुलाई उनके जन्मदिन के अवसर पर पटेल पार्क के प्रवेश द्वार पर एक वाटर कूलर स्थापित कर उनकी स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने की पहल की। इस दौरान ऑक्सीजन का वाहक एक पीपल के पौधे का रोपण भी पटेल पार्क में किया गया। इससे पूर्व पटेल पार्क विकास समिति द्वारा स्व.राजेश जैन के जन्मदिन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें राजेश जैन को याद करते हुए उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए साथ ही 2 मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। गौरतलब है कि कोलारस में सहायक विकास विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ रहे राजेश जैन बर्षो से पटेल नगर में निवासरत थे और बीती 27 अप्रैल को कोरोना के चलते उनका निधन हो गया था। उनके परिजनों ने उनकी याद में पटेल पार्क के प्रवेश द्वार पर एक वाटर कूलर लगाने का निर्णय लिया जिसे आज पार्क से जुड़े तमाम महानुभावों की मौजूदगी में उसे स्थापित किया गया आज के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पटेल पार्क के रहवासी एवं पटेल पाक से जुड़े हुए

## टूरिस्ट वेलकम सेंटर में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित





शिवपुरी। जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद शिवपुरी के तत्वाधान में प्रत्येक सप्ताह के निर्धारित कार्यक्रम के तहत छत्री रोड शिवपुरी टूरिस्ट वेलकम सेंटर पर गत दिवस चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 4 वर्ष से 16 वर्ष तक के 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में व्यवस्थापक के रूप में रामपाल सिंह कुशवाह, प्रदीप सोनी, अनूप जैन, बीआरसी अंगत सिंह तोमर, रंजीत गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। स्टार गोल्ड होटल के संचालक मोनू अग्रवाल की ओर से प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार का वितरण किया गया। प्रतियोगिता के अंत में मधुर संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें अपूर्व जैन, रीदिम जैन एवं सौरभ सहित अन्य बच्चों द्वारा मनमोहक गायन की प्रस्तुती दी गई।

# विजय करगिल दिवस पर शहीदों को किया नमन

**शिवपुरी।**






3 मई 1999 को भारतीय सरजमीं पर पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जो घुसपैठ की थी उसे नाकाम करते हुए 26 जुलाई को भारत मां के सपूतों ने अपना सर्वस्व निछावर करते हुए घुसपैठ को नाकाम किया था उन शहीदों को नमन करते हुए थर्टी फाइव बटालियन एनसीसी शिवपुरी के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी की दोनों एनसीसी इकाई के लगभग आधा सैकड़ा एनसीसी कैडेटों ने मिलकर एक साइकिल रैली का आयोजन किया यह साइकिल रैली बटालियन मुख्यालय से निकलकर शिव शक्ति नगर फिजिकल रोड पुराना बस स्टैंड होते हुए माधव चौक पर पहुंची जहां कैडेटों ने नाटक के माध्यम से कारगिल विजय का सजीव चित्रण भी किया रैली के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने भारत माता की जय के गगनभेदी नारे भी लगाए तथा फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत लोगों को स्वस्थ रहने के प्रति भी जागरूकता का संदेश दिया इस अवसर पर 35 बटालियन एनसीसी शिवपुरी के कमान अधिकारी कर्नल धीरेंद्र सिंह महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट गजेंद्र कुमार सक्सेना तथा गुलाब सिंह जाटव के साथ-साथ बटालियन के सूबेदार कुलविंदर सिंह, बीएचएम अरविंद कुमार, सीएचएम सुखविंदर, नायक सूबेदार जसविंदर ,आदि स्टाफ उपस्थित रहा तथा एनसीसी कैडेट्स में लाभांश सोनी , ब ल र ा म प्रजापति, रोहित धाकड़, हेमंत प्रजापति, शैलेंद्र शर्मा ने अपनी म ह त्व पू र्ण भूमिका अदा की इसी के साथ-साथ महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष पर किया गया है तथा दोनों एनसीसी अधिकारियों ने अधिक से अधिक इस क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु एनसीसी कैडेट्स को को निर्देशित किया है जिन एनसीसी कैडेट्स के प्रतियोगिता में 50% से अधिक अंक प्राप्त होंगे उन्हें ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी उनके मेल आईडी पर उपलब्ध कराया जावेगा




TRIBUTE TO OUR KARGIL MATYRS WAS PAID BY CADETS OF 35 MP BN NCC SHIVPURI BY CONDUCTING CYCLE RALLY AT SHIVPURI

# सावन के पहले सोमवार शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव






भिण्ड। सावन महीने की शुरूआत रविवार से हो गई है। सावन का पहले सोमवार सावन महीने के पहले सोमवार को शहर के शिवालयों में हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय् की गूंज सुनाई दी। सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं, शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिनभर भक्तों को तांता लगा रहा है। साथ ही अंचल के सभी प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। गौरतलब है कि सावन माह के पहले सोमवार दिन शिवलिंग पर दूध, जल से अभिषेक किया गया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घडियााल, शंख व झाल के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। शहर के वनखंडेश्वर मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, कुंडेश्वर मंदिर, बड़े हनुमान मंदिर, नवादा पार्क महादेव मंदिर, मनकामेश्वर महादेव मंदिर, त्र्यंवकेश्वर महादेव मंदिर, आदि अन्य शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कई लोगों ने पंडितों की मौजूदगी में शिव महाभिषेक किया। महामृत्युंजय के जाप शुरू हुए तथा रुद्राभिषेक किया गया।

## चार व्यक्तियों को उपचार हेतु 2 लाख 55 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा मुख्यमत्री स्वेच्छानुदान योजनान्तर्गत चार व्यक्तियों को 2 लाख 55 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजनान्तर्गत देशराज सिंह भदौरिया निवासी लावन तहसील अटेर जिला भिण्ड एवं श्रीमती शमीम खातून पति नाईम खान वार्ड नं.18 वनखण्डेश्वर मार्ग जिला भिण्ड के उपचार हेतु 50-50 हजार रूपये, श्रीमती शशि शुक्ला पत्नी प्रेमप्रकाश शुक्ला निवासी हलवाई खाना जिला भिण्ड के उपचार हेतु 1 लाख 25 हजार रूपये एवं आशीष सिंह लोधी पिता महाराज सिंह निवासी सेंथरी तहसील मेहगांव जिला भिण्ड के उपचार हेतु 30 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## 6 दिन पहले हुई लूट का खुलासा



भिण्ड। शहर की पंजाब नेशनल बैंक के बाहर से 6 दिन पूर्व हुई लूट का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया है। पुलिस ने गुजरात के सूरत और राजस्थान ने के धौलपुर में दबिश देकर तीन आरोपियों को किया है। साथ ही कुल लूटी गई राशि 80 हजार रुपये में से 60 हजार रुपए भी पुलिस के द्वारा बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा लूट में प्रयुक्त की गई बोलेरो गाड़ी भी जब्त कर ली गई है। जो कि एक नाबालिग आरोपी को दहेज में मिली थी। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे के सहारे से पुलिस ने लुटेरों तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की है।

शहर कोतवाली थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा के मुताबिक 19 जुलाई को फरियादी रईस खान ने कोतवाली पहुंचकर आवेदन दिया कि पंजाब नेशनल बैंक के बाहर से कुछ अज्ञात लुटेरों ने उनसे बैंक से निकाले गए 80 हजार लूट लिए और बोलेरो से फरार हो गए। इस बारदात की शिकायत पर 11/13 एमपीडीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर लुटेरों को पकड़ने के लिए एसआई नागेश शर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे से अपनी जांच की शुरूआत करते हुए लुटेरों तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की। टीम ने पिछले 5 दिनों में गुजरात के सूरत और राजस्थान के धौलपुर में दबिश देकर तीनों आरोपियों सतीश कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा व सोनू कुशवाह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। इनसे न केवल लूटी गई राशि में से 60 हजार रुपये नगद बल्कि लूट में प्रयुक्त की गई बोलेरो कार (आरजे 11 यूए 3937) भी जब्त की गई है। तीनों ही आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जिसमें से दो को माननीय न्यायालय ने जेल भेज दिया है। एक आरोपी सोनू कुशवाहा चूंकि नाबालिक है इसलिए उसे बाल न्यायालय के माध्यम से बाल जेल मुरैना भेजा जा रहा है। जिस बोलेरो गाड़ी का रूट में प्रयोग किया गया वह गाड़ी सोनू कुशवाहा को कुछ दिन पूर्व उसकी शादी में दहेज में मिली थी।

## जागरूक होकर युवा बढ़चढ़ लगवा रहे कोरोना वैक्सीन



भिण्ड। धीरे-धीरे कोरोना वैक्सीनेशन की संख्या में इजाफा होने लगा है। जागरूक होकर युवा बड़ी संख्या में बढचढ कर कोरोना वैक्सीन लगवा रहे है। जिससे स्वास्थ्य विभाग ने भी राहत की सांस ली है। जबकि लोगों में कोरोना वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियां भी धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। जिससे गांवों में भी वैक्सीनेशन की संख्या में बढ़ोत्तरी होने लगी है। शहर के व्यापार मंडल धर्मशाला में रोजाना महिला, पुरुष सहित युवा वैक्सीनेशन कराने के लिए लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतार कर रहे है, इसी भीड़ में कोरोना महामारी से बचने के लिए कृष्णा तोमर ने वैक्सीनेशन कराया और खुशी जाहिर की, इसके साथ ही सभी को संदेश दिया है कि आपकी बारी आने वैक्सीनेशन जरुर करायें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

## गौरी सरोवर के पास जल्द खुलेगी ओपन जिम

### विधायक संजीव सिंह ने ओपन जिम स्थापित करने के लिए देखी जगह



भिण्ड। शहर के हृदय स्थल गौरी सरोवर के पास जहां कभी पुरानी जिम हुई करती थी। वहां भिण्ड विधायक संजीव सिंह के प्रयासों से जल्द ओपन जिम खुलेगी। जिसका लाभ शहर के लोग उठायेंगे। सुबह शाम गौरी पर घूमने के लिए आने वाले लोग जिम में जाकर अपनी शारीरिक व्यायाम करेंगे। जिससे उनका स्वास्थ्य ठीक होगा और शरीर में स्फूर्ति आयेगी। ओपन जिम लगाने के लिए शासन की तरफ 8 लाख 31 हजार 275 रूपये स्वीकृत हुए हैं। जिससे जिम के उपकरण खरीदे जायेंगे। विधायक संजीव सिंह ने सोमवार को ओपन जिम स्थापित करने के लिए जगह चिन्हांकित की जिसमें मीट मण्डी के पास बने अहिंसा पार्क को भी देखा लेकिन जगह पर्याप्त न होने की वजह से निरस्त कर पुरानी जिम गौरी सरोवर के पास ही स्थापित की जायेगी। इस अवसर पर विधायक संजीव सिंह ने कहा कि सेहत के प्रति लोगों को जागरूक होना चाहिए। अपने दैनिक कार्यों में हम इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने सेहत का ध्यान नहीं रख पाते और विभिन्न बीमारियां हमारे शरीर में जगह बना लेती है ओपन जिम खुलने से यहां आने वाले लोग अपनी सेहत बनाएं शारीरिक व्यायाम और ओपन जिम का लाभ उठायें। शरीर स्वस्थ होगा तो हम हर कार्य सरलता से कर सकेंगे।

## बस ने ऑटों में मारी टक्कर मां बेटी की मौत




भिण्ड। शहर से ऑटो से सिद्ध बाबा के दर्शन करने जा रहा एक परिवार को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी पत्नी और 6 साल की बेटी की मौत हो गई। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार की सुबह करीब 10 बजे शांति नगर बीटीआई रोड निवासी गौरव पुत्र पहलाद(30) अपने ऑटो से उमरी के पास स्थित सिद्ध बाबा के दर्शन करने जा रहे थे। उसके साथ पत्नी सुमन(30) और बेटी अवनी(6) भी सवार होकर रवाना हुए। उमरी से पहले बाराकलां गांव के नजदीक करीब पौने 11 बजे लहार की तरफ से आ रही एक बस ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में ऑटो के पचखच्चे उ? गए। वहीं, ऑटो में चालक गौरव और उसकी पत्नी सुमन एवं बेटी अवनी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल 108 एंबुलेंस फोन किया और डायल 100 को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई। 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मां सुमन और बेटी अवनी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल युवक गौरव को इलाज किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में कम संतुष्टिपूर्ण कार्यवाही रहने पर अधिकारियों के विरुद्ध दिये कार्यवाही के निर्देश

### सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत अधिक लंबित शिकायतों वाले 11 विभागों की कलेक्टर ने की समीक्षा

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के द्वारा सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत जिन विभागों में ज्यादा लंबित शिकायतें है उनकी विभिन्न बिंदु जैसे अनअटेंड शिकायतें, संतुष्टिपूर्वक शिकायतें बंद की गयी, 100 दिवस से अधिक की शिकायतों पर नियमित वर्चुअल समीक्षा करना प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत उनके द्वारा आज से ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक स्वास्थय एवं परिवार कल्याण विभाग, संस्थागत वित्त विभाग एलडीएम, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, खाद आपूर्ति विभाग अंतर्गत लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा प्रारंभ की गई। सभी विभागों के एल-1 एवं एल-2 अधिकारी इस दौरान वर्चुअल उपस्थित रहें। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के द्वारा प्रत्येक विभाग अंतर्गत लंबित शिकायतों की समीक्षा कर उनके निराकरण के संवंध में निर्देश दिए साथ ही उन्होंने शिकायतों में संतुष्टिपूर्वक कार्यवाही कम रहने पर विभिन्न अधिकारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिसके अंतर्गत एमपीईबी अंतर्गत वितरण केंद्र प्रभारी अटेर, दबोह, आलमपुर एवं असवार, एमपीईबी भिण्ड शहरी एई एवं डीई शुभम शर्मा को कारण बताओ नोटिस, नगरीय निकाय अंतर्गत सीएमओ भिण्ड सुरेंद्र शर्मा एवं सीएमओ रौन हनुमंत सिंह का एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश दिए, राजस्व अंतर्गत तहसीलदार गोहद श्री रामजी लाल वर्मा का एक सप्ताह के वेतन काटने, तहसीलदार भिण्ड श्री अरविंद शर्मा, नायब तहसीलदार एडोरी शिल्पा सिंह, नायब तहसीलदार सुरपुरा अनीश धाकड, नायब तहसीलदार दबोह आरती गौतम को कारण बताओ नोटिस, पंचायत विभाग अंतर्गत पंचायत इन्स्पेक्टर अटेर, मेहगांव एवं लहार का एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत अंतर्गत ब्लॉक कोडिनेटर लहार, अटेर का एक सप्ताह का वेतन काटने निर्देश, पीएचई अंतर्गत एई लहार एवं रौन का एक सप्ताह का वेतन काटने निर्देश साथ ही एई भिण्ड एवं गोहद को कारण बताओ नोटिस एवं ईई पीआर गोयल पीएचई को भी कारण बताओ नोटिस, खाद्य आपूर्ति अंतर्गत जेएसओ अटेर सुनील मुदगल का एक सप्ताह का वेतन काटने एवं जेएसओ रौन को कारण बताओ नोटिस, स्वास्थ विभाग अंतर्गत बीएमओ अटेर एवं भिण्ड को कारण बताओ नोटिस, संस्थागत वित्त अंतर्गत गोहद क्षेत्र के बैंकों के मैनेजरों को कारण बताओ नोटिस, शिक्षा विभाग अंतर्गत बीईओ अटेर एवं लहार को कारण बताओ नोटिस, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत सीडीपीओ लहार एवं रौन का एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश दिए।

## समस्याओं को लेकर आप ने दिया ज्ञापन



गोहद। नगर में व्याप्त पेयजल की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने गोहद नगरपालिका परिसर में प्रदर्शन कर सीएमओ सतीश दुवे को ज्ञापन दिया ओर जनता की समस्याओं से संबंधित मांगो को अवगत कराया। इसी के साथ पार्टी से ज्ञापन के रूप में वार्ड नम्बर 9 ओर 10 की पानी की समस्या नाली पर चेम्बर, ओर खम्बे पर स्ट्रीट लाइट न होने की समस्याओ को रखा ओर वार्ड क्रमांक 5 नये थाने के पीछे कब्रिस्तान है जिसमें उसकी बाउंड्री का काम रुका हुआ है उसको जल्द से जल्द चालू करवाने के लिये कहा जिस पर सीएमओ द्वारा सभी मांगो को जल्द से जल्द पूरा करने का कार्यकर्ताओं को अस्वासन दिया ज्ञापन देने वालों में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे मुख्यरूप से जितेंद्र प्रजापति, राकेश माहौर, अबजाल शेख, मोहम्मद जुबैर, रविकांत रावत, जीतू प्रजापति, आसिफ अली, सोनू कुशवाह आदि मौजूद रहे।

## पॉलिथीन मुक्त बनाने सड़कों पर उतरी नगरपालिका




गोहद। बाजारों को पॉलिथीन मुक्त बनाने का संदेश लेकर नगर पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाजार मे पूर्ण रूप से भ्रमण करते हुए दुकान दुकानों से सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियों को जब्त किया साथ ही कुल 13 दुकानदारों पर चालान किए जिनमें कुल 3200/रुपए वसूल किए गए साथ ही दुकानदारों को हिदायत दी गई कि वह पॉलिथीन मुक्त बाजार बनाने के लिए कागज की थैलियों या कपड़ों के थैलों का इस्तेमाल करना प्रारंभ कर दें जिससे कि नगर साफ और स्वच्छ रहेगा साथ ही इसे खाकर मरने बाले पशु भी बच सकेंगे एवं बाजारों मौहल्लों में जाम होने बाली नालियों की परेशानियों से भी बचा जा सकेगा और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव से निजात मिलेगी बीमारियों से बचा जा सकेगा। इस कार्रवाई में मुख्य रूप से गोपाल रावत, जहान सिंह, आशीष शर्मा, दिनेश शर्मा, मायाराम बाबूजी, अशोक बाल्मिक सहित लगभग दो दर्जन कर्मचारी मौजूद थे।

## अब किलो क्षमता के थैले में मिलेगा राशन

भिण्ड । प्रमुख सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मलित पात्र परिवारो को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शा.उ.मू. की दुकानों से प्रतिमाह राशन प्राप्त करने की पात्रता के संबंध में जागरूक करने के उददेश्य से माह अगस्त 2021 के प्रथम सप्ताह में पात्र परिवारो को 10 किलो ग्राम क्षमता के बैग/थैले में समारोह पूर्वक अन्न उत्सव कार्यक्रम आयोजित कर जिले की समस्त उचित मूल्य दुकानो से एक साथ राशन का वितरण संबंधी निर्देश जारी किये है। जिले में उक्त योजनांतर्गत 508 शासकीय उचित मूल्य की दुकानो में 161160 पात्र परिवार संलग्न है। उक्त परिवारो हेतु जिले को तीन चरणो में (एक वार में 25 प्रतिशत) 10 किलो ग्राम क्षमता के बैग/थैले प्राप्त होगे। पहले चरण में 31 जुलाई 2021 तक जिले को 40290 बैग/थैले प्राप्त होगे। उक्त बैग/थैले शासकीय उचित मूल्य की दुकानो पर प्रदाय किये जाने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना है।

**बैग/थैले का प्रदाय :** जिला मुख्यालय पर जिले के लिये चयनित निविदाकार द्वारा बैग का प्रदाय किया जावेगा। जिले की पात्र परिवारो की संख्या का 25 प्रतिशत बैग 31 जुलाई 2021 तक प्रदाय किये जाएगे एवं शेष बैग 10-10 दिवस के अंतराल पर उपलब्ध कराये जाएगे। जिला स्तर पर भण्डारण स्थल की व्यवस्था तथा प्रदाय बैग के सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम व प्रभारी अधिकारी वेयरहाउसिंग जिला भिण्ड द्वारा की जावेगी। निविदाकार से प्राप्त बैग का भौतिक सत्यापन जिला स्तरीय समिति का गठन कर निर्धारण मापदण्ड परिशिष्ट ब अनुसार (बैग की लम्बाई/चौडाई सिलाई एवं प्रिंटिग आदि) कराया जाना है। जिला स्तरीय समिति में तथा मुख्यालय पर पदस्थ सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को सम्मिलत कर जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाता है। जिला स्तरीय समिति के परीक्षण उपरांत निविदाकार को पावती दी जायेगी।

**उचित मूल्य दुकान पर बैग का प्रदाय :** बैग के भण्डारण स्थल पर बैग की प्राप्ति का विधिवत लेखा जोखा संधारित किया जावेगा। दुकानवार बैग को प्रदाय किये जाने हेतु वाहनवार, दुकानवार रिकार्ड संधारित किये जाने हेतु म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. भिण्ड के वरिष्ठ सहायक राजेश चौधरी की ड्यूटी लगायी जाती है। राजेश चौधरी के द्वारा सभी दुकानों पर पात्र परिवारो की संख्या का 25 प्रतिशत बैग प्रदाय कराये जायेगे।

दुकानवार कुल परिवारों का 25 प्रतिशत बैग की गणना का दायित्व म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. भिण्ड का होगा। द्वार प्रदाय योजना के परिवहनकर्ता को रूटचार्ट बनाकर बैग प्रदाय किये जायेगे। पात्र परिवारो को बैग वितरण का कार्यक्रम माह अगस्त 2021 के प्रथम सप्ताह में किये जाने हेतु निविदाकार से बैग प्राप्ति के दो दिवस की अवधि में उ.मू. दुकानों पर आवश्यक रूप से प्रदाय कराने होगे। यदि बैग में किसी प्रकार की कमी होने पर बैग को वापिस किया जायेगा। अपने स्तर से उ.मू. दुकानों पर बैग प्रदाय किये जाने हेतु अपने अधिनस्थो की भी ड्यूटी लगायेगे।

## कांग्रेस नेता यादव की भावी के निधन पर शौक व्यक्त



भिण्ड। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव एवं वरिष्ठ नेता रामप्रकाश यादव की भावी श्रीमती शकुंतला देवी के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह सहित कई नेताओं ने गृह गाँव निवास डिडी पहुंचकर शौक संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस प्रवक्ता जिला प्रवक्ता अनिल भारद्वाज ने बताया श्रीमती शकुंतला देवी 78 बर्षीय पूर्व सरपंच डिडी रामलखन यादव की पत्नी थी जो कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। शौक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह, पूर्व अध्यक्ष जयश्रीराम बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, सेवादल यंग विरगेड अध्यक्ष धर्मेंद्र भादौरिया, जिला प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज, नगर अध्यक्ष संजय भूता, वीरेंद्र यादव, सेवादल के उपाध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा कल्लू, बबलू त्यागी, अरविंद बघेल,मोहर सिंह आदि शामिल थे।

## आतंक की चुनौती

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने एक बार फिर आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। कुलगाम के मुनंद इलाके में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। इस दौरान आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस और सेना ने भी उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इलाके में और भी आतंकी छिपे हो सकते हैं। इससे पहले शनिवार सुबह बांदीपोरा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। इस दौरान सुंबल इलाके के शोकबाबा जंगल में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया था। इनकी पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। सेना पिछले तीन दशक से घाटी में आतंकवाद से जूझ रही है। पड़ोसी देश पाकिस्तान से आतंकियों की घुसपैठ का सिलसिला थमा नहीं है। मौका पाते ही पाकिस्तान आतंकियों को भारत की सीमा में घुसा देता है। सीमापार आतंकवाद पाकिस्तान का भारत के खिलाफ छद्म युद्ध है। 2018 जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों ने ऑपरेशन ऑल आउट चलाया था और 262 आतंकवादियों का सफाया किया था। इनमें लश्कर, जैश और हिजबुल के शीर्ष कमांडर भी थे। घाटी में पहली जनवरी 2021 से अब तक 82 आतंकी मारे गए हैं। इनमें आधे से ज्यादा लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे। इसके बावजूद अगर आतंकियों की संख्या बढ़ रही है तो स्पष्ट है कि कश्मीर घाटी में पाक समर्थित आतंकवाद को पनाह मिल रही है। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट और सेना ने इस बात की पुष्टि की है कि पाक अधिकृत कश्मीर में आईएसआई की मदद से 16 आतंकी शिविर चल रहे हैं। सेना एक बार पाक अधिकृत कश्मीर में सर्जिकल स्ट्राइक करके आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर चुकी है और पाकिस्तान को कड़ा संदेश दे चुकी है। लेकिन अब फिर से वहां 16 आतंकी शिविर चल रहे हैं। सवाल है कि सरकार क्यों चुप बैठी है? सेना को फिर से सर्जिकल स्ट्राइक जैसा कड़ा कदम उठाना चाहिए। हालांकि जब नियंत्रण रेखा पर सख्ती ज्यादा होती है और घुसपैठ मुश्किल हो जाती है तो आतंकी हथियारों के साथ नेपाल के रास्ते कश्मीर घाटी पहुंचते हैं। घाटी में जैश ए मोहम्मद, लश्कर ए तैयबा, हिज्बुल मुजाहिदीन, अल बदर सहित कई छोटे-बड़े संगठन सक्रिय हैं। इन संगठनों के मुख्यालय पाकिस्तान में हैं और इनकी कमान सेना और आइएसआइ के हाथ में रहती है। ये आतंकी संगठन बड़े हमलों को अंजाम देने के लिए भाड़े के आतंकियों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन सेना के लिए सबसे बड़ी परेशानी और चिंता की बात यह है कि स्थानीय स्तर पर आतंकियों की भर्ती को कैसे रोका जाए। पिछले साल स्थानीय स्तर पर भर्ती किए गए और विदेशी आतंकियों का अनुपात साठ-चालीस का था। स्थानीय नौजवानों का आतंकवादी संगठनों में भर्ती होना आतंकवाद से निपटने के सरकार के प्रयासों के लिए बड़े झटके से कम नहीं है। आए दिन की आतंकी घटनाएं और हमले भी इसकी पुष्टि करते हैं कि राज्य में आतंकी सक्रिय हैं और अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि रोजाना आतंकियों को ढेर किए जाने की खबरें भी आती हैं, लेकिन समस्या यह है कि जितने आतंकी ढेर होते हैं, उससे कहीं ज्यादा पैदा हो जाते हैं। जाहिर है, आतंकी गुट स्थानीय युवाओं को अपने संगठन में भर्ती कर रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण आतंकियों की गांव-गांव तक में पैठ होना है। इन आतंकी संगठनों का स्थानीय लोगों के बीच ऐसा खौफ है कि जो नौजवान आतंकी गुट में शामिल होने से इनकार करता है, उसकी फिर खैर नहीं। पिछले कुछ समय में सेना ने आतंकियों के खिलाफ जिस तरह से बड़े अभियान चलाए, उससे लग रहा था कि अब आतंकियों का सफाया हो रहा है और आने वाले वक्त में घाटी आतंकियों से मुक्त होगी।

# अल्प परिग्रही, अकिंचित्कर राष्ट्रपति डॉक्टर अब्दुल कलाम

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

(27 जुलाई पुण्य तिथि)



अब्दुल कलाम का पूरा नाम डॉक्टर अवुल पाकिर जैनुल्लाब्दीन अब्दुल कलाम था। उनका जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को रामेश्वरम तमिलनाडु में हुआ था। द्वीप जैसा छोटा सा शहर प्राकृतिक छटा से भरपूर था। शायद इसीलिए अब्दुल कलाम जी का प्रकृति से बहुत जुड़ाव रहा था।

किशोरावस्था में अब्दुल कलाम

रामेश्वरम का प्राकृतिक सौन्दर्य समुद्र की निकटता के कारण सदैव बहुत दर्शनीय रहा है। उनके पिता जैनुलाब्दीन न तो ज़्यादा पढ़े-लिखे थे, न ही पैसे वाले थे। वे नाविक थे, और नियम के बहुत पक्के थे। उनके पिता मछुआरों को नाव किराये पर दिया करते थे। उनके संबंध रामेश्वरम के हिन्दू नेताओं तथा अध्यापकों के साथ काफ़ी स्नेहपूर्ण थे। अब्दुल कलाम ने अपनी आरंभिक शिक्षा जारी रखने के लिए अख़बार वितरित करने का कार्य भी किया था।

संयुक्त परिवार

अब्दुल कलाम संयुक्त परिवार में रहते थे। परिवार की सदस्य संख्या का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि यह स्वयं पाँच भाई एवं पाँच बहन थे और घर में तीन परिवार रहा करते थे। इनका कहना था कि वह घर में तीन झूले (जिसमें बच्चों को रखा और सुलाया जाता है) देखने के अभ्यस्त थे। इनकी दादी माँ एवं माँ द्वारा ही पूरे परिवार की परवरिश की जाती थी। घर के वातावरण में प्रसन्नता और वेदना दोनों का वास था। इनके घर में कितने लोग थे और इनकी माँ बहुत लोगों का खाना बनाती थीं क्योंकि घर में तीन भरे-पूरे परिवारों के साथ-साथ बाहर के लोग भी हमारे साथ खाना खाते थे। इनके घर में खुशियाँ भी थीं, तो मुश्किलें भी थी। अब्दुल कलाम के जीवन पर इनके पिता का बहुत प्रभाव रहा। वे भले ही पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन उनकी लगन और उनके दिए संस्कार अब्दुल कलाम के बहुत काम आए। अब्दुल कलाम के पिता चारों वक़्त की नमाज़ पढ़ते थे और जीवन में एक सच्चे इंसान थे।

जीवन की एक घटना

अब्दुल कलाम के जीवन की एक घटना है, कि यह भाई-बहनों के साथ खाना खा रहे थे। इनके यहाँ चावल खूब होता था, इसलिए खाने में वही दिया जाता था, रोटियाँ कम मिलती थीं। जब इनकी माँ ने इनको रोटियाँ ज़्यादा दे दीं, तो इनके भाई ने एक बड़े सच का खुलासा किया। इनके भाई ने अलग ले जाकर इनसे कहा कि माँ के लिए एक-भी रोटी नहीं बची और तुम्हें उन्होंने ज़्यादा रोटियाँ दे दीं। वह बहुत कठिन समय था और उनके भाई चाहते थे कि अब्दुल कलाम ज़िम्मेदारी का व्यवहार करें। तब यह अपने जज़्बातों पर काबू नहीं पा सके और दौड़कर माँ के गले से जा लगे। उन दिनों कलाम कक्षा पाँच के विद्यार्थी थे। इन्हें परिवार में सबसे अधिक स्नेह प्राप्त हुआ क्योंकि यह परिवार में सबसे छोटे थे। तब घरों में विद्युत नहीं थी और केरोसिन तेल के दीपक जला करते थे, जिनका समय रात्रि 7 से 9 तक नियत था। लेकिन यह अपनी माता के अतिरिक्त स्नेह के कारण पढ़ाई करने हेतु रात के 11 बजे तक दीपक का उपयोग करते थे। अब्दुल कलाम के जीवन में इनकी माता का बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। इनकी माता ने 92 वर्ष की उम्र पाई। वह प्रेम, दया और स्नेह की प्रतिमूर्ति थीं। उनका स्वभाव बेहद शालीन था। इनकी माता पाँचों समय की नमाज़ अदा करती थीं। जब इन्हें नमाज़ करते हुए अब्दुल कलाम देखते थे तो इन्हें रूहानी सुकून और प्रेरणा प्राप्त होती थी।

जिस घर अब्दुल कलाम का जन्म हुआ, वह आज भी रामेश्वरम में मस्जिद मार्ग पर स्थित है। इसके साथ ही इनके भाई की कलाकृतियों की दुकान भी संलग्न है। यहाँ पर्यटक इसी कारण खिंचे चले आते हैं, क्योंकि अब्दुल कलाम का आवास स्थित है। 1964 में 33 वर्ष की उम्र में डॉक्टर अब्दुल कलाम ने जल की भयानक विनाशलीला देखी और जल की शक्ति का वास्तविक अनुमान लगाया। चक्रवाती तूफ़ान में पायबन पुल और यात्रियों से भरी एक रेलगाड़ी के साथ-साथ अब्दुल कलाम का पुश्तैनी गाँव धनुषकोड़ी भी बह गया था। जब यह मात्र 19 वर्ष के थे, तब द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका को भी महसूस किया। युद्ध का दवानल रामेश्वरम के द्वार तक पहुँचा था। इन परिस्थितियों में भोजन सहित सभी आवश्यक वस्तुओं का अभाव हो गया था। कलाम, अपने व्यक्तिगत और व्यवसायी संघर्षों के माध्यम से असफलता के अंधकार से बाहर निकल आये और अग्नि, पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल और नाग आदि मिसाइलों के रूप में कई सफल प्रयोग किये, जिसने उनके नाम को भारत में एक उच्च प्रसिद्धि दिला दी और देश की प्रतिष्ठा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उजागर कर दिया।

भारत रत्न प्राप्त अवुल पाकिर जैनुल्लाब्दीन अबदुल कलाम, आमतौर पर डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम नाम से जाने जाते हैं। अब्दुल कलाम, भारत देश के 11 वें राष्ट्रपति (2002-2007) थे। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वर्ष 2002 में लक्ष्मी सहगल के खिलाफ राष्ट्रपति चुने गए थे। इन्हें भारत के दो प्रमुख राजनीतिक दल, भारतीय जनता पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से पूरा समर्थन मिला था। वह मुख्य रूप से एक भारतीय वैज्ञानिक और प्रशासक थे। भारत के राष्ट्रपति बनने से पहले, डॉ. ए.पी.जे. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ एयरोस्पेस इंजीनियर के रूप में काम किया था। प्रक्षेपण यान और बैलिस्टिक मिसाइल प्रौद्योगिकी के विकास पर कार्य करने के कारण उनको 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' नाम की उपाधि दी गई। वर्ष 1974 में प्रारम्भिक परमाणु परीक्षण के बाद वर्ष 1998 में भारत में किए गए पोखरण-द्वितीय परमाणु परीक्षणों ने उनकी भूमिका को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक, संगठनात्मक और तकनीकी रूप में सर्वाधिक उजागर किया। डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम ने इंदौर, अहमदाबाद और शिलांग के भारतीय प्रबंधन संस्थानों में एक अतिथि प्रवक्ता के रूप में पढ़ाया। वह भारत के अन्य शोध और शैक्षिक संस्थानों में एक सहायक और अतिथि प्रवक्ता होने के अतिरिक्त, मैसूर के जेएसएस विश्वविद्यालय और चेन्नई के अन्ना विश्वविद्यालय में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर भी थे। वह भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू के मानद सदस्य और तिरुवनंतपुरम के भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान में कुलपति भी थे। अपनी पुस्तक 'इंडिया 2020' में, अब्दुल कलाम ने वर्ष 2020 तक देश को पूरी तरह से विकसित करने वाली योजना की संस्तुति की है। छात्र समुदायों के साथ परस्पर संपर्क और प्रेरक भाषणों ने उन्हें युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय बना दिया। वर्ष 2011 में, उन्होंने भारत के युवाओं के सहयोग से 'व्हाट कैन आई गिव मूवमेंट' नामक एक मिशन लॉन्च किया, जिसे देश में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए लक्षित किया गया था।

मृत्यु

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, शिलांग में व्याख्यान देते समय गंभीर दिल का दौरा पड़ने के कारण 27 जुलाई 2015 को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इस संसार को अलविदा कह गये।

पूरा नाम अवुल पकिर जैनुल्लाब्दीन अब्दुल कलाम अन्य नाम मिसाइल मैन जन्म 15 अक्तूबर, 1931 (आयु- 90 वर्ष) जन्म भूमि रामेश्वरम, तमिलनाडु

मृत्यु 27 जुलाई, 2015 मृत्यु स्थान शिलांग, मेघालय अभिभावक जैनुलाब्दीन पति/पत्नी अविवाहित

नागरिकता भारतीय

प्रसिद्धि भारतीय मिसाइल कार्यक्रम के जनक पद भारत के 11वें राष्ट्रपति कार्य काल 25 जुलाई, 2002 से 25 जुलाई, 2007 शिक्षा स्नातक विद्यालय मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी भाषा हिन्दी, अंग्रेज़ी, तमिल पुरस्कार-उपाधि भारत रत्न (1997), पद्म विभूषण (1990), पद्म भूषण (1981), इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार एवं देशी-विदेशी कई विश्वविद्यालयों से मानद डॉक्टरेट की उपाधि।

# तुम थकना तो मेरी छांव में आना

**प्रभुनाथ शुक्ल**



आंगन के मेरे आहाते में अमरूद का एक पेड़ है। बेहद खूबसूरत और मासूम सा। कितना कोमल अंकुरण था उसका, लेकिन समय के साथ अब वह तरुण हो गया है।चिलचिलाती धूप में हमने उसके तने को शीतल जल से सींचा। उसकी निराई और गुणाई की। अब वह समझने लगा है अपनी जिम्मेदारियों को। बारिश आने से पहले ही उसकी टहनियों में सुंदर सफ़ेद फूल आ गए थे। बाद में फल भी उसमें आ गए। बारिश आई तो फलों ने बड़ा आकार लिया। अब वह मीठा फल देने लगा है। अब वह मेरी मेहनत का दाम लौटने लगा है। जैसे वह मेरा ऐहसान नहीं लेना चाहता।

प्रकृति किसी से कुछ लेती नहीं वह सिर्फ देती है। शायद इसी सिद्धांत का पालन वह आमरूद भी करना चाहता है।वह अपना सब कुछ मुझे लौटाना चाहता है। फल के रुप में मिठास देना चाहता है। चिड़ियों को भी बुलाने लगा है।अपने पके हुए फल उन्हें समर्पित कर देता है। चिड़िया पके फल पर चोट मारने लगी हैं। चोंच मारकर मीठे फल का आनंद ले रहीं हैं। घोंषले में चीं-चीं करते बच्चों को भी मिठास का स्वाद चखा रहीं हैं। चोंच और इंसान की हजार पीड़ा सहने के बाद भी वह लूट जाना चाहता है। जैसे समर्पण उसकी नियति बन गई है।

मेरे आंगन का आमरूद कितना परोपकारी है। वह सब कुछ लुटाने को तैयार है। वह हमें संदेश देता है कि तुम मेरे लिए थोड़ा सा करो मैं तुम्हारी जिंदगी और पीढ़ियों के लिए करूँगा। मैं तुम्हें फल दूंगा और शीतल छांव दूंगा। लकड़ियां दूंगा। तुम्हें जिंदगी का अनुभव दूंगा। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कैसे बने रहना है वह मंत्र भी मैं दूंगा। उसने कभी उदास होना नहीं सीखा। थोड़े सकून में भी वह मुस्कुराता रहता है। जब उसकी डालियों में मीठे फल आते हैं तो वह इतराता नहीं खुद झुक जाता है। लोगों को बुलाता है कि आओ और मुझे तोड़ लो। वह संदेश देता है मैं तुम्हारे और संसार के दूसरे प्राणियों के लिए जीता हूँ। तुमने मुझे पालपोष कर बड़ा किया है। फिर मैं तुम्हें कैसे भूल सकता हूँ।

आँगन का आमरूद शायद मुझसे कहता है तुमने तो मुझे सब कुछ दिया। तुम्हीं ने तो मुझे पालपोष कर इतना बड़ा किया। कौन था मेरा जो मुझे पालता। भीषण गर्मी में सूखती मेरी जड़ों में तुमने शीतल जल से सींचा। फिर मैं तुझे भूल पाऊंगा क्या। अब तो मेरा वक्त आ गया है जब मैं तुम्हारे लिए करूँ। तुम कभी हारना नहीं, अरे हाँ ! थकना भी नहीं। छोड़ो कल की बातें। कल का बोझ क्यों उठाए रहते हो। वर्तमान में जीना और उसी को बेहतर बनाना सीखो। जब वर्तमान बनेगा तो भविष्य अपने आप बन जाएगा। कल को किसी ने देखा नहीं है। फिर जिसे तुमने देखा नहीं, जाना नहीं और जिया नहीं उसके बारे में व्यर्थ की चिंता क्यों करते हो। कल तूफ़ान आएगा तो मेरा अस्तित्व मिटा देगा। फिर क्या मैं तूफान की चिंता में वर्तमान को ही मार डालूँ। आज तुम्हें मैं जो दे रहा हूँ वह क्या दे पाऊंगा ? कल की बातें छोड़ो सिर्फ वर्तमान में जियो।

अरे हां ! तुमसे बतियाने का खूब मन करता है। देखो, दुनिया कितनी बदल गई है ना, सबको तो बस अपनी ही पड़ी है। कोई दूसरे की सुनता ही नहीं, कोई दूसरे को पढ़ता ही नहीं। कोई दूसरे को जानता ही नहीं। आओ मैं और तुम अपने मन की बातें करते हैं। दोस्त जिंदगी को एक मुस्कुराता हुआ गुलदस्ता बनाओ। जब फुर्सत मिले थोड़े मुस्कुराते जाओ। देखो जिंदगी कितनी आसान और हसीन हो जाएगी। मैं चाहता हूं जब तुम थक जाओ, जब तुम हार जाओ तो मेरी तरफ देख लिया करो। मैं तुम्हारा हौसला और संकल्प हूं। मैं तुम्हारा प्रकल्प हूँ। जीवन जीने का रास्ता भी हूँ। तुम कभी प्रकृति की तरफ देखते ही नहीं। वह संदेश देती है, लेकिन तुम उसे अनसुना कर देते हो। वह तुम्हें संभालती है। जीवन पथ पर तुम्हारे संकल्पों की याद दिलाती है। फिर भी दीवानगी में तुम उसे भूल जाते हो। देखो ! मैंने अपने संकल्पों को जिया है। कल मैं एक नन्हा सा बीज था आज एक पेड़ हूँ।

# चित्रकूट में संघ का चित्र निखारने के प्रयास....!

**ओमप्रकाश मेहता**

क्या राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आज यह सोचने को मजबूर है कि मोदी राज में उसकी वह अहमियत नहीं रही, जो अटल जी के राज में थी? वह इस पर भी आज चिंतन करने को मजबूर है कि भाजपा सहित अन्य हिन्दू संगठन उसे अपना संरक्षक नहीं मानतें? शायद इन्हीं प्रश्नों पर संघ ने अपने चित्रकूट समागम में गंभीर चिंतन कर उत्तर खोजने का अथक प्रयास किया और अपनी पूर्व साख पुनः कायम करने के लिए अपनी नीति और कार्य प्रणाली संरचना में फेरबदल करने को भी तैयार होगा। शायद इसीलिए उसे देश में सत्तारूढ़ भाजपा से समन्वय कायम रखने के लिए नए समन्वयक की तैनाती की भी आवश्यकता महसूस हुई। इस समागम की एक अनोखी घटना यह भी रही कि संघ प्रमुख के डीएनए सम्बंधी बयान पर संघ पदाधिकारी ने अहसमति व्यक्त की, इस पर भागवत जी को सफाई भी देनी पड़ी। आज देश में संघ की करीब चालीस हजार (39,454) शाखाएँ चल रही है, इनमें से 27 हजार 156 शाखाएँ मैदानों में तथा शेष 12 हजार 268 शाखाएँ इन्टरनेट पर जारी है, इनके स्वयं सेवकों की संख्या पांच लाख से ज्यादा बताई जा रही है। यद्यपि अभी तक संघ का सीमा क्षेत्र हिन्दी भाषी राज्य ही रहे किंतु मराठी भाषी महाराष्ट्र में भी संघ काफी सक्रिय है, अब चित्रकूट समागम में संघ को अखिल भारतीय स्वरूप देने का निश्चय किया गया, जिसके तहत् दक्षिण, पश्चिम व पूर्वोत्तर भारत में विशेष रूप से विस्तार की बात कहीं गई। संघ की पहचान चूंकि उसके स्वयं सेवकों से है, इसलिए स्वयं सेवक के गुणात्मक सुधार पर विशेष ध्यान देने का फैसला लिया गया, संघ के इस चार दिवसीय चिंतन शिविर में संघ की राष्ट्रीय आपदा सेवा नीति में ठहराव आ जाने पर चिंता व्यक्त की गई, महसूस किया गया कि कोरोना महामारी के दौरान संघ को जो देश-सेवा करनी चाहिए थी वह सही अर्थों में नहीं हो पाई। यद्यपि इसके लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया गया, लेकिन यह बात सभी ने महसूस की इसीलिए अब राष्ट्रीय आपदा के दौर में राष्ट्र-सेवा हेतु स्वयं सेवकों को विशेष प्रशिक्षण देने को फैसला लिया गया तथा कोरोना की तीसरी लहर पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया। इस चार दिवसीय बैठक में संघ ने आत्मचिंतन के साथ देश की समस्याओं पर भी गंभीर चिंतन किया, अयोध्या राममंदिर जमीन विवाद से नाराज होकर संघ ने जहां राममंदिर ट्रस्ट का पूरा काम अपने हाथ में ले लिया। वहीं यह भी तय किया कि प्रस्तावित राममंदिर के लिए अब कोई और जमीन प्राप्त नहीं की जाएगी तथा प्रस्तावित समय सीमा में ही मंदिर का निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाएगा, संघ ने कथित भूमि भ्रष्टाचार विवाद को लेकर ट्रस्ट के तत्कालीन पदाधिकारियों व सदस्यों के प्रति नाराजी भी व्यक्त की। अयोध्या राममंदिर के साथ ही संघ ने चित्रकूट बैठक में जनसंख्या विस्फोट तथा मौजूदा राजनीतिक माहौल पर भी गंभीर चिंतन-मनन किया। इसके साथ ही समय के साथ चलते हुए संघ का आई.टी. सेल गठित कर डिजिटल वालेंटियर्स भर्ती करने का भी फैसला लिया।

## सुख के स्वभाव में डूबो

*लगता है, आदमी दुख का खोजी है। दुख को छोड़ता नहीं, दुख को पकड़ता है। दुख को बचाता है। दुख को संवारता है; तिजोरी में संभालकर रखता है। दुख का बीज हाथ पड़ जाए, हीरे की तरह संभालता है। लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं आदमी आनंद का खोजी है, लगता है आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो! अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता! और कुछ को मिल जाता तो वे बांटते औरों को भी; तो कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राणों में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं। और ऐसा नहीं कि पराए ही दुख देते हों, अपने भी दुख देते हैं। अपने ही दुख देते हैं! शत्रु तो दुख देते ही है; हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक; लेकिन जो कहते हैं तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, उसका हिसाब रखा है? और अगर हर आदमी दुख दे रहा है, तो एक ही बात का सबूत है कि हर आदमी दुख से भरा है। हम वही देते हैं, जिससे हम भरे हैं। वही तो हमसे बहता है जो हमारे भीतर लगा है। हमारे व्यवहार से दूसरों को दुख मिलता है, क्योंकि हमारे भीतर कड़वाहट है। हम लाख कहें हम प्रेम करते हैं, लेकिन प्रेम के नाम पर भी हम दूसरों के जीवन में नरक निर्मित करते हैं। पति-पत्नियों को देखो, मां-बाप को देखो; बेटे-बच्चों को देखो- सब एक-दूसरे की फांसी लगाए हुए है। ऐसा है। क्यों? और सभी कहते हैं कि हम सुख को खोजते हैं। मेरे पास रोज लोग आते हैं, जो कहते हैं- हम सुख चाहते हैं। अगर तुम सुख चाहते हो तो कोई भी बाधा नहीं है; सुख तो लुट रहा है। सुख तो चारों तरफ मौजूद है। गंगा सामने बहती है और गंगा के लिए तो चाहे दो कदम भी उठाना पड़े, सुख तो उससे भी करीब है। सुख तो तुम्हारा स्वभाव है। डूबो इस स्वभाव में। जिन्होंने भी कभी आनंद पाया है, उन्होंने एक बात निरंतर दोहराई है कि आनंद तुम्हारा जन्मसिद्ध अधिकार है। तुम जिस दिन तय कर लोगे कि आनंदित होना है, उसी क्षण आनंदित हो जाओगे। फिर एक पल की भी देरी नहीं है। देरी का कोई कारण नहीं है।*

# भ्रष्टाचार व कुप्रबंधन के चलते बारिश में डूबता न्यू इंडिया

**निर्मल रानी**



भीषण गर्मी से त्राहिमाम कर रहे पश्चिमी उत्तर भारत लोगों ने मानसून की आमद से निश्चित रूप से काफ़ी राहत महसूस की है। परन्तु मानसून की अभी आमद ही हुई है कि ख़ास तौर पर शहरी क्षेत्रों में जलभराव के दृश्य सामने आने लगे हैं। जिन लोगों का कारोबार लॉक डाउन के भयावह दौर से बाहर निकलने की बमुश्किल कोशिश कर रहा था, अनेकानेक शहरों व बस्तियों यहाँ तक कि नये बसाये गये कथित %हाई फ़ाई % सेक्टर्स में भी सड़कों से लेकर घरों तक में पानी भर जाने के चलते एक बार फिर लगभग ठप्प हो गया है। कहीं दुकानों में पानी भरा है तो कहीं जलभराव की वजह से ग्राहक नदारद। कहीं ग्राहक व दुकानदार दोनों ही अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे। कहना ग़लत नहीं होगा कि जितना अधिक विकास कार्य जितना सड़कों पुलों,नालों नालियों आदि का नवनिर्माण व सुधारीकरण का काम दिखाई देता है उतना ही अधिक जलभराव भी बढ़ता जाता है। जनता की तकलीफ़ें भी उतनी ही अधिक बढ़ती जा रही हैं। सरकार की अनेक योजनायें तो साफ़ तौर पर ऐसी दिखाई देती हैं जिन्हें देखकर यही यक़ीन होता है कि इस तरह की योजनायें केवल कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार का ही परिणाम हैं। और कुप्रबंधन व भ्रष्टाचार में डूबी ऐसी योनाओं का पूरा नुक़सान निश्चित रूप से केवल जनता को ही भुगतना पड़ता है।

मिसाल के तौर पर टूटी गलियों व सड़कों के निर्माण या उसकी मुरम्मत के नाम पर हर बार गलियों व सड़कों को ऊँचा किया जाता है। इसका कारण यह है कि पुरानी सड़कों व गलियों की लंबाई व चौड़ाई तो आम तौर पर बढ़ नहीं सकती और वह पहले जितनी ही रहती है। लिहाज़ा सड़क व गली की मोटाई अर्थात ऊंचाई के नाम पर ही भ्रष्टाचार का सारा खेल व्यवस्था की मिलीभगत से खेला जाता है। यदि सरकार चाहे तो सख़्ती से यह आदेश जारी कर सकती है और स्थाई तौर से यह नियम बना सकती है कि गलियों व सड़कों की मुरम्मत पुरानी गलियों के ऊपरी स्तर को खोद कर की जाये गलियों /सड़कों के पुराने ऊंचाई के स्तर को बरक़रार रखा जाये कई जगह जागरूक नागरिकों ने इकट्ठे होकर अपने मुहल्लों में पुराने स्तर पर ही निर्माण कराया भी है । उन्होंने अपने मुहल्लों की गलियां ऊँची नहीं होने दीं। परन्तु जो जनता मूक दर्शक बनकर अपने ही घरों के सामने की सड़कों को ऊँचा होते देखती रही आज उनके घरों में मामूली सी बारिश का पानी भी घुस जाता है। जो आर्थिक रूप से संपन्न हैं उन्होंने तो अपने मकानों को ऊँचा करवा लिया है या तोड़ कर नया ऊँचा मकान बना लिया है और जो बेचारे दो वक़्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं वे हर बारिश में अपनी घरों व अपने घरों के सामने की नालियों गलियों यहां तक कि सीवरेज लाइन के गंदे व दुर्गन्धपूर्ण पानी में डूबा हुआ पाते हैं। घरेलू सामानों की बारिश व जलभराव से क्षति होती है वह अलग,साथ ही बीमारी फैलने की भी पूरी संभावना तो रहती ही है। इसी तरह तमाम शहरों के मुख्य नाले भी ज़रा सी बारिश में जल-प्लावन करने लगते हैं। यहाँ तक कि बारिश रुक जाने के बाद भी घंटों तक और थोड़ी अधिक बारिश होने पर तो एक दो दिनों तक लबालब भरे रहते हैं और पानी आगे बढ़ने के बजाये ठहरा रहता है। कई जगह नव निर्मित नाले टूट फूट जाते हैं उनमें दरारें पड़ जाती हैं। कभी कोई बैंक डूबा रहता है तो कभी सरकारी या निजी कार्यालय। गोया ज़रा सी बारिश जनता में हाहाकार पैदा कर देती है। ज़ाहिर है इस दुर्व्यवस्था के लिये जनता का तो कोई दोष नहीं हाँ जनता का दोष इतना ज़रूर है कि शहरों की नालियों व नालों में जिसतरह ग़ैर ज़िम्मेदार लोग प्लास्टिक की बोतलें,पॉलीथिन की थैलियां, यहाँ तक कि मरे हुए जानवर तक फेंक दिया करते हैं उसके चलते भी नालों व व नालियों का प्रवाह बाधित हो जाता है। तमाम लोगों ने अपने अपने घरों में गाय भैंसें पाल रखी हैं। रिहाइशी इलाक़ों में तमान डेयरियां चलाई जा रही हैं। ऐसे अनेक डेयरी संचालक अपने जानवरों का मल सीधे नालियों में बहाते हैं। जिसकी वजह से पानी की काफ़ी बर्बादी तो होती ही है साथ ही नालियों में गोबर जम जाने से नाली नाले भी अवरुद्ध हो जाते हैं। और बारिश के मौसम में जनता की यही लापरवाहियां स्वयं जनता की परेशानियों का ही सबब बनती हैं।

इस तरह के जल भराव से बचने के लिये निश्चित रूप से जहां जनता पर यह ज़िम्मेदारी है कि वह नालियों व नालों में कूड़े कबाड़ फेंकने व उसे अवरुद्ध करने सभी हरकतों से बाज़ आये वहीं सरकार व संबंधित विभागों तथा योजनाकारों की भी बड़ी ज़िम्मेदारी है कि वह मुहल्लों, कालोनियों, शहरों व क़स्बों से जल निकासी हेतु ऐसी योजनायें बनाये जिससे लोगों के घरों में और गली मुहल्लों में बरसाती जल जमाव बंद हो। सड़कों व गलियों को ऊँचा करने का जो भ्रष्टाचारी तरीक़ा लगभग पूरे देश में अपनाया जा रहा है वह बिल्कुल बंद होना चाहिए। नालों नालियों तथा वर्षा जल निकासी के सभी स्रोतों के निर्माण में उचित व कारगर योजनायें बनानी चाहियें जिससे जनता के हितों को भी ध्यान में रखा जा सके और निर्माण भी स्तरीय अर्थात भ्रष्टाचार मुक्त हो। गलियों व नालों नालियों को ऊँचा कराने जैसी भ्रष्टाचार से डूबी योजनाओं से बाज़ आना चाहिए। जहां कहीं गलियों व सड़कों को ऊँचा करे बिना जल निकासी संभव ही नहीं ऐसे क्षेत्रों को अपवाद समझकर सामान्यतयः यह नियम बनाना चाहिये कि पुरानी सड़कों व गलियों को खोद कर ही अपने पिछले स्तर तक ही गलियों व सड़कोंतथा नाली नालों की ऊंचाई निर्धारित जाये। अन्यथा न्यू इण्डिया का ढोल पीटने से कुछ हासिल नहीं होने वाला। जब तक इस भ्रष्टाचार डूबी इस व्यवस्था में सुधार नहीं होता तब तक भ्रष्टाचार व कुप्रबंधन के चलते थोड़ी सी ही बारिश में हमारा %न्यू इंडिया % हमेशा यूँही डूबता रहेगा।

# शरीर पर एल्कोहल रगड़ने के ये फायदे जान हैरान हो जाएंगे आप



वैसे तो एल्कोहल का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है लेकिन क्या आप जानते हैं एल्कोहल आपकी कई समस्याओं को ठीक कर सकती है. जी हां, आपको पढ़कर बेशक हैरानी हो लेकिन ये सच है, आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि एल्कोहल पीने के बजाय इसके और अलग क्या-क्या फायदे हो सकते है। एल्कोहल को शरीर पर रगड़ने को रबिंग एल्कोहल भी कहा जाता है। रबिंग एल्कोहल का इस्तेमाल एंटीसेप्टिक, क्लीनिंग एजेंट और कई सर्वाइवल टूल्स के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जानिए, कैसे करें इसका इस्तेमाल।

**हैंड सैनेटाइजर** – क्या आप जानते हैं एल्कोहल को हाथों में रगड़कर हैंड सैनेटाइजर का काम किया जा सकता है। जिस तरह से हैंड सैनेटाइजर का इस्तेमाल करने के बाद साबुन या पानी की जरूरत नहीं पड़ती। ठीक वैसे ही रबिंग एल्कोहल के साथ होता है. 30 सेंकेंड तक एल्कोहल को हाथों पर रब करें।

इससे हाथों के बैक्टीरिया मर जाएंगे.घाव के लिए - एल्कोहल रब करके आप शरीर के घाव को ठीक कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये एक शानदार एंटीसेप्टिक है। ये जर्म्स को तुरंत मार देता है। घाव पर एल्कोहल रब करके इसकी बैंडेज कर दें.इंजेक्शन से पहले- कई इंजेक्शन जैसे इंसुलिन जब बॉडी में लगता है तो इससे पहले उस जगह पर एल्कोहल लगा दें। इससे स्किन पर मौजूद बैक्टीरिया मर जाएंगे। एल्कोहल हाथ से ना लगाकर कॉटन से लगाएं। जब एल्कोहल ड्राई हो जाए तब इंजेक्शन लगाएं मेडिकल टूल- घर में मौजूद कुछ मेडिकल टूल जैसे ट्वीजर्स या चिमटी के इस्तेमाल से पहले इसे एल्कोहल से धोएं। ड्राई होने पर इन टूल्स का इस्तेमाल करें।

**क्लीनिंग के लिए एल्कोहल का इस्तेमाल** – जिद्दी दागों को मिटाने के लिए भी एल्कोहल का इस्तेमाल होता है। एक मग पानी में आधा मग एल्कोहल डालकर दाग, धब्बों को आसानी से 10 मिनट तक रगड़ने से साफ किया जा सकता है। ये शीशे को भी चमका सकता है। टॉयलेट सीट साफ करने से लेकर सिंक तक को इससे साफ किया जा सकता है।

**विंडो क्लीनर** – अगर आपको अपने घर की विंडो चमकानी है तो भी ये एल्कोहल काम की है। एक पाइन्ट में दो चम्मच अमोनिया मिलाकर इसमें 2 टेबल स्पून डिश वॉश मिलाएं। इसे मिक्स कर स्प्रे बोतल में डालकर विंडो क्लीन करें और देखें कमाल।

**जूतों की बदबू** - आप एल्कोहल स्प्रे करके जूतों के बैक्टीरिया भी मार सकते हैं और इसकी स्मैल भी दूर कर सकते हैं।

**नेल रिमूवर** - अगर आपका नेल रिमूवर खत्म हो गया है तो कॉटन से एल्कोहल नेल्स पर रगड़ें। आसानी से नेल क्लीन हो जाएंगे। एक्ने की समस्या को दूर करना है तो एल्कोहल से नियमित मुंह धोएं.पेन रिलिवर - यदि कपड़े में डालकर या फिर पानी से डायल्यूट करके पैरों पर रगड़ें। इससे आर्थराइटिस सिम्टम्स जैसे ज्वॉइंट पेन, मसल्स पेन और ड्राई स्किन की समस्या दूर होगी।

## मिथुन चक्रवर्ती फिर दिखाएंगे अपने डांस का जलवा, बेटे निमाशी के लिए शूट किया गाना



कभी कभी किसी फ़िल्म में एक बड़े सुपरस्टार की कुछ देर की झलक फिल्म को हिट बनाने का काम कर कर जाती है. शायद यही सोचकर डायरेक्टर राजकुमार संतोषी ने अपनी अपकमिंग प्रोजेक्ट 'बैड बॉय' में करा ली है मिथुन चक्रवर्ती की एंट्री,जो इस फिल्म के गाने 'जनाब ए आली' में नजर आने वाले हैं. जिसकी कुछ पिक्चर्स सामने आई हैं. रामोजी फिल्मसिटी में शूट किए जा रहे इस गाने की कोरियोग्राफी कर रहे हैं कोरियोग्राफर पीयूष भगत और शाजिया सामजी. इस गाने में लीड एक्टर्स के साथ मिथुन चक्रवर्ती भी बड़े पर्दे पर देंगे दस्तक.

मिथुन के बड़े बेटे महाअक्षय उर्फ मिमोह के बाद उनके छोटे बेटे निमाशी चक्रवर्ती अब बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं. निमाशी जाने-माने फिल्म निर्माता राजकुमार संतोषी की अपकमिंग फिल्म 'बैड बॉय'से बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं. उनके साथ स्क्रीन शेयर करने जा रही हैं निर्माता साजिद कुरैशी की बेटी अमरिन कुरैशी. 'बैड बॉय' एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है. मिथुन अपने बेटे निमाशी और एक्ट्रेस अमरीन के साथ ही ताल से ताल मिलाते नजर आएंगे. सामने आई पिक्चर्स में निमाशी मिथुन के गले लगते दिखाई दे रहे हैं. दोनों की बॉन्डिंग काफी रोमांचित करने वाली दिख रही है. जहां मिथुन के बड़े बेटे मिमोह का करियर कोई कमाल नहीं दिखा पाया वहीं लगता है मिथुन छोटे बेटे के करियर की नैय्या पार लगाने के लिए उनके साथ आए हैं. तभी तो काफी टाइम से बड़े पर्दे से गायब रहे मिथुन तैयार हो गए हैं वापसी के लिए. जब फिल्म 'बैडबॉय' का पोस्टर रिलीज हुआ था तो सदी के महानायक अमिताभ बच्चन और बॉलीवुड के सुल्तान सलमान खान से निमाशी को मिली थी शुभकामनाएं. तो वहीं सोशल मीडिया पर यूजर्स ने हिमाशी की उनके पिता के साथ तुलना शुरू कर दी. किसी ने कहा कि 'क्या वो अपने पिता की तरह बॉलिवुड में अपनी जगह बन पाएंगे'? या 'भाई की तरह उनका करियर रहेगा फ्लॉप'. साथ ही उनके डांस पर भी उठा दिए सवाल क्योंकि हिमाशी भी एक बेहतर डांसर है तो ऐसे में उन्हें ये कह दिया गया की क्या वो अपने पिता की तरह 'डिस्को किंग' जैसा कोई खिताब हासिल कर पाएंगे।

# रुबीना दिलैक ने फिर ग्लैमरस अदाओं से लगाई आग



रुबीना दिलैक छोटे पर्दे की एक फेमस एक्ट्रेस हैं. रुबीना अपनी शानदार एक्टिंग से हर किसी को दीवाना करती हैं. रुबीना ने हाल ही में बिग बॉस 14 का खिताब अपने नाम किया है. ऐसे में अब बिग बॉस विनर अक्सर अपनी अदाओं का जादू फैंस के ऊपर चलाती रहती हैं. हाल ही में रुबीना ने एक बार फिर से अपना ग्लैमरस रूप सोशल मीडिया पर दिखाया है.

रुबीना दिलैक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. उनके अलग अलग अंदाज को फैंस काफी पसंद भी करते हैं. कभी डांस वीडियो तो कभी अपनी ग्लैमरस फोटो से वो फैन्स का दिल जीत लेती हैं. अब हाल ही में रुबीना दिलैक ने एक और नया वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है. इस नए वीडियो में रुबीना दिलैक 'दिल को करार आया' गाने पर मस्ती भरे अंदाज में डांस करती नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस के द्वारा शेयर किए गए इस नए वीडियो में उनका स्टाइल और ग्लैमरस लुक काफी जबरदस्त लग रहा है. इतना ही नहीं रुबीना ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा है कि 'आप कितनी बार खुद से प्यार करते हैंज.. जवाब 'काफी बार' होना चाहिए'. इस खास वीडियो में रुबीना दिलैक व्हाइट कलर के शॉर्ट के साथ हॉट पैंट पहने दिखाई दे रही हैं. वीडियो में एक्ट्रेस का ग्लैमरस अंदाज दीवाना बना रहा है. फैंस को एक्ट्रेस का ये नया वीडियो भी काफी ज्यादा पसंद आ रहा है.

हाल ही में रुबीना दिलैक ने इंस्टाग्राम पर बिकिनी लुक का एक वीडियो शेयर किया था. इस वीडियो में रुबीना का हॉट लुक देखने को मिला था. फैंस एक्ट्रेस के अंदाज पर पूरी तरह से फिदा हो गए थे. रुबीना ने बिग बॉस 14 को जीतने के बाद एक बार फिर से टीवी की दुनिया में वापसी कर ली है. एक्ट्रेस ने एक बार फिर से अपने शो शक्ति को ज्वाइन कर लिया है. फिर से वह सौम्या बनकर फैंस के बीच छा रही हैं. रुबीना का एक म्यूजिक वीडियो भी फैंस के सामने पेश हो चुका है. फिलहाल फैंस को उम्मीद है वह किसी और नए प्रोजेक्ट में भी दिखाई देंगी. हाल ही में रुबीना ने कुछ फोटोज एयरपोर्ट की शेयर की थीं।

# शॉर्ट फिल्म हैप्पी बर्थडे मम्मी जी की निर्देशक बनीं शेफाली शाह

लगता है शेफाली शाह निर्देशन की दुनिया में भी अपने पांव जमाने की तैयारी में हैं। एक शॉर्ट फिल्म का निर्देशन कर चुकीं शेफाली अब दूसरी शॉर्ट फिल्म हैप्पी बर्थडे मम्मी जी लेकर आ रही हैं। उन्होंने अपनी इस शॉर्ट फिल्म का पहला पोस्टर भी रिलीज कर दिया है। शेफाली एक खूबसूरत कहानी दर्शकों के बीच पेश करने वाली हैं। फिल्म की कहानी भी उन्होंने खुद ही लिखी है। आइए देखते हैं कैसा है उनकी शॉर्ट फिल्म का पोस्टर। शेफाली ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा कर लिखा, कृपया मेरे बच्चे पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। निर्देशन की दुनिया में नया दांव। आपकी शुभकामनाओं की जरूरत है। हैप्पी




बर्थडे मम्मी जी लॉर्ज शॉर्ट फिल्म्स पर 23 जुलाई को रिलीज हो रही है। बता दें कि इससे पहले शेफाली ने शॉर्ट फिल्म समडे का निर्देशन किया था, जिसे ऑस्कर से मान्यता प्राप्त 51वें वार्षिक यूएसए फिल्म फेस्टिवल की अंतरराष्ट्रीय शॉर्ट फिल्म और वीडियो प्रतियोगिता के लिए चुना गया था। शेफाली ने कहा, यह हर किसी की कहानी है, जो अपने रिश्तों, परिवार, घर से पहचाने जाते हैं। एक विकल्प, जिसे हम खुशी से चुनते हैं, लेकिन कभी ना कभी हम सभी ने महसूस किया है कि सभी जिम्मेदारियों को छोड़ देने की सख्त जरूरत होती है। उन्होंने कहा, कोविड के कारण हुए लॉकडाउन ने हमारे चेहरों पर अलग-थलग पड़ने की प्रबल भावना पैदा कर दी, लेकिन क्या होता, अगर इस पर एक अलग विचारधारा होती तो। शेफाली पिछली बार फिल्म अजीब दास्तान में नजर आई थीं। अब वह जल्द ही आलिया भट्ट के साथ फिल्म डार्लिंग्स में दिखाई देंगी।

## 'राखी' में एक साथ नजर आएंगे शाहरुख खान और संजय दत्त?





बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और संजय दत्त बहुत जल्द हमें एक फिल्म में एक साथ नजर आ सकते हैं. इन दोनों ही सितारों की फैन फॉलोइंग बेहद तगड़ी है. इससे पहले संजय दत्त हमें शाहरुख खान की फिल्म रा-वन में एक छोटा किरदार करते हुए नजर आए थे. वहीं ये दोनों एक्टर हमें शाहरुख खान की ओम शांति ओम में एक गाने में साथ दिखाई दिए थे. जिसके बाद अब रिपोर्ट्स की मानें तो ये जोड़ी अब बहुत जल्द एक फिल्म में नजर आ सकती है. खबर के अनुसार इस जोड़ी की अगली फिल्म का नाम 'राखी' 'राखी' होने वाला है. इस फिल्म की निर्माता वायाकॉम 18 कंपनी होगी. आपको बता दें, इस वक्त ये दोनों ही सितारे अपनी पिछली फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं. जिस वजह से इस फिल्म से जुडी खबरें कुछ दिनों बाद ही सामने आएंगी. जहां फैंस के लिए शाहरुख खान और संजय दत्त को एक साथ देखना एक बेहतरीन सिनेमा होगा. आपको बता दें, संजय दत्त बॉलीवुड के कई बड़े सितारों के साथ फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन शाहरुख खान के साथ कभी उन्हें मौका नहीं मिला है. जिस वजह से इन दोनों एक्टर्स के लिए एक बड़ा ही कमाल का अनुभव होने वाला है. दर्शक भी इस फिल्म को बहुत ही मन से देखेंगे. आपको बता दें, शाहरुख और संजय की ऑफ स्क्रीन केमिस्ट्री बहुत ही कमाल की रही है. जिस वजह से दर्शक उनको खूब पसंद करते हैं।

# रेड में एस्कॉर्ट की भूमिका निभाएंगी पायल घोष



पायल घोष आगामी फिल्म रेड में एक एस्कॉर्ट की भूमिका निभा रही हैं। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने प्रोजेक्ट की तैयारी के दौरान चांदनी बार में तबस के किरदार और प्रिटी वुमन में जूलिया रॉबर्ट्स की भूमिका का जिक्र किया। पायल ने कहा मैं ज्यादा खुलासा नहीं कर सकती लेकिन परियोजना के लिए तैयारी व्यापक है। मैंने चांदनी बार से तब्बू या प्रिटी वुमन में जूलिया रॉबर्ट्स जैसे पात्रों को संदर्भित किया। सही संतुलन ढूंढना है और अच्छी प्रतिक्रिया मिलना बढ़िया होता है। उन्होंने खुद को एक निर्देशक के अभिनेता के रूप में टैग किया। पायल ने कहा- मुझे लगता है कि एक अच्छा काम किया गया है जब मैं जान सकती हूं कि निर्देशक को वह दृश्य मिलते हैं, जो वह चाहते है। यह चेकलिस्ट पर एक बड़ा टिक है। वह रेड में कृष्णा अभिषेक के साथ नजर आएंगी। फिल्म अशोक त्यागी द्वारा निर्देशित और सुरेंद्र जगताप और राजीव चौधरी द्वारा निर्मित है। बॉलीवुड में पायल घोष ने 2017 में ऋषि कपूर की फिल्म पटेल की पंजाबी शादी से एंट्री की थी। इस फिल्म में पायल के हीरो वीर दास थे। पायल घोष ने बॉलीवुड में फिलहाल ऐसी कोई फिल्में नहीं की है, जिनसे वो फेमस हुई हों। पायल घोष पश्चिम बंगाल कोलकाता की रहने वाली हैं। उनकी स्कूली पढ़ाई सेंट पॉल्स मिशन स्कूल से हुई है और उन्होंने अपना ग्रेजुएशन भी कोलकाता के स्कॉटिश चर्च कॉलेज से की है। पायल घोष फिलहाल मुंबई में रहती हैं। पायल घोष के माता-पिता ये बिल्कुल नहीं चाहते थे कि वो एक्टिंग में अपना करियर बनाए।

# हफ्ते में सिर्फ एक बार फेस स्टीम लेने के हैं ढेरों फायदे, कई समस्याओं से मिल जाएगा छुटकारा



चेहरे की खोया निखार लौटाने के लिए ज्यादातर सौंन्दर्य विशेषज्ञ की तरफ से समय समय पर स्क्रब करने की सलाह दी जाती है. लेकिन अगर आप हफ्ते में एक बार फेस स्टीम भी ले लें, तो आपको ढेरों फायदे मिल सकते हैं. चेहरे पर भाप लेने की प्रथा रोमन और यूनानियों के समय से चली आ रही है. वे अपने शरीर को अंदरूनी तौर पर साफ करने के लिए स्टीम लिया करते थे. अगर आपके भी चेहरे पर कील मुंहासे, झुर्रियां या ब्लैकहेड्स की समस्या हो जाती है तो आपको हफ्ते में एक दिन स्टीम जरूर लेनी चाहिए. जानिए स्टीम लेने के ढेरों फायदे.

1. चेहरे पर जमी धूल, गंदगी को साफ करने के लिए स्टीमिंग बहुत ही बेहतरीन ऑप्शन है. स्टीम लेने से आपके शरीर की डेड स्किन निकल जाती है. पोर्स क्लीयर हो जाते हैं और आपकी त्वचा को सांस लेने में मदद मिलती है.

2. चेहरे पर ब्लैकहेड्स की समस्या से अगर आप परेशान रहते हैं तो आपको हफ्ते में दो बार स्टीम जरूर लेना चाहिए. ब्लैकहेड्स को निकालने के लिए पहले चेहरे को 5 से 10 मिनट के लिए स्टीम लें, इसके बाद स्क्रब करें.

3. स्टीम लेने से जो गर्मी आपके फेस पर लगती है, उससे स्किन के अंदर की ब्लड वेसल्स फैलती है. ऐसे में चेहरे पर ऑक्सीजन का प्रवाह बेहतर होता है. इससे आपकी स्किन पर फ्रेशनेस आ जाती है और स्किन ग्लो करती है.

4. जिनका चेहरा ड्राई है, उन्हें स्टीम लेने से काफी फायदा मिल सकता है. स्टीम लेने से चेहरे पर नमी बरकरार रहती है. इसके साथ ही अगर स्किन पर झुर्रियां हो या स्किन लूज हो गई हो तो उसे स्टीम ट्रीटमेंट के जरिए टाइट किया जा सकता है.

5. चेहरे पर पिंपल्स की समस्या ऑयल ग्लैंड्स पर गंदगी जमने की वजह से होती है. स्टीम लेने से गंदगी बाहर निकल जाती है. पिंपल्स से बचने के लिए चेहरे पर 5 से 10 मिनट स्टीम लेने के बाद आइस क्यूब्स से चेहरे की मसाज करें.

6. जिस तरह पसीना आपके चेहरे के टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है, उसी तरह स्टीम भी आपके शरीर के विषैले तत्वों को बाहर निकालने का काम करती है. स्टीम लेने के बाद स्किन को क्लीन, स्क्रब करना और पानी के छीटें देना न भूलें।

## 'मैं कसम खाकर कहता हूं, सिंगल हूंः मिजान जाफरी

जावेदी जाफरी के बेटे मिजान जाफरी इन दिनों दो कारणों से खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। एक ओर जहां वो शिल्पा शेट्टी के साथ 'हंगामा 2' फिल्म में नजर आने वाले हैं, वहीं अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा के साथ उनकी डेटिंग की खबरें भी खूब चर्चा में हैं। मिजान ने अब एक इंटरव्यू में नव्या संग अपने रिश्तों को लेकर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने 'खुद के सिर की कसम' खाकर कहा कि वह सिंगल हैं और अभी किसी को डेट नहीं कर रहे हैं। मिजान ने कहा, 'मैं अपने सिर की कसम खकर कहता हूं, मैं सिंगल हूं। मैंने पहले भी यह कई बार कहा है कि ये सब बस अफवाह हैं। मैं अब ऐसी बातों पर विराम लगाना चाहता हूं, इसलिए आखिरी बार फिर कह रहा हूं, इस पर बहुत हंगामा हो चुका है। इसलिए मैं अब इस मुद्दे से दूर ही रहूंगा।' उन्होंने कहा, 'यह नव्या के साथ नाइंसाफी है। मुझे लगता है कि कोई भी जो इस इंडस्ट्री का हिस्सा नहीं है, उसके बारे में इस तरह की बातें करना गलत है। मेरे और नव्या के बीच ऐसा कुछ नहीं है। न ही मेरे और नव्या के बीच कोई 'अजीब' बात भी है। हमारे अच्छे रिश्ते हैं और मैं इस पर और कुछ नहीं कहना चाहता।' मिजान जाफरी ने बॉलिवुड में 2019 में 'मलाल' फिल्म से डेब्यू किया था। इस फिल्म को मंगेश हडवाले ने डायरेक्ट किया था। जबकि फिल्म की कहानी संजय लीला भंसाली, संजीव और मंगेश हडवाले ने मिलकर लिखी थी। इस फिल्म को संजय लीला भंसाली ने को-प्रड्यूस भी किया था। फिल्म में मिजान के अपॉजिटि शर्मिन सहगल थीं।

वन-टू-वन



## बालराई 45+ कोराना टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली। कोरोना संक्रमण की बढ़ती महामारी को रोकने के लिए जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग की ओर से लगातार कोराना टीकाकरण अभियान के तहत क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के अलग-अलग स्थानों पर टीकाकरण कैंप संचालित किए गए। जिले के अलग-अलग उपखंड स्तर पर 45 आयु वर्ग के लोगों को कोराना टीकाकरण करने के लिए टीकाकरण केंद्र आयोजित किए गए। रानी ब्लाक के ग्राम पंचायत बालराई भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर 45+ से अधिक आयु वर्ग के लोगों को दूसरे डोज का टीका लगाने के लिए शिविर आयोजित किया गया। टीकाकरण कैंप के दौरान एएनएम ललिता कवर ने बताया 45+ 50 लोगों को प्राथमिकता के आधार पर दूसरे डोज का कोराना टीका लगाया गया। सरपंच केसाराम कुमावत पंचायत कार्मिक स्वास्थ्य कर्मी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कोर कमेटी के सदस्यों ने टीकाकरण में तेजी लाने के लिए डोर टू डोर सर्वे करके लोगों को ज्यादा से ज्यादा कोराना टीके लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर गिरधर गोपाल सी एच ओ। राकेश कुमारी सी एच ए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता छगनी वैष्णव आशा जराबी लोहार आशा देवी लखारा साथिन सोहनी देवी। सहित पंचायत कार्मिक मौजूद रहे।



## रूपावास कोविड-19 वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया गया

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली। निकटवर्ती ग्राम पंचायत रूपावास ग्राम पंचायत भवन में कोराना टीकाकरण के तहत 18 प्लस आयु वर्ग के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया गया। सरपंच सुरेश बंजारा ने बताया कि कोराना टीकाकरण कैंप को लेकर लोगों को सूचित किया गया। टीकाकरण कैंप में उत्साह पूर्वक युवाओं के साथ महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।18+से अधिक आयु वर्ग के 111 लोगो को कोराना के टीके लगाए गए। लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला । वैक्सीनेशन सेंटर पर लम्बी कतार लगने से लोगों को अपनी बारी का एक से दो घंटे तक इंतजार करना पड़ा ।आजना पटेल समाज के युवा समाजसेवी हरि भाई पटेल ने बताया कि विश्वव्यापी महामारी की बढ़ती दूसरी लहर को रोकने के लिए जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग के आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर पूर्ण रूप से पूरा प्रयास किया जा रहा हैं। सरपंच सुरेश बंजारा के सफल प्रयास से अब तक ग्राम पंचायत हर क्षेत्र में सफल रही। पटेल ने कहा कि विश्वव्यापी महामारी के प्रथम चरण से अब तक कोराना टीकाकरण कैंप में पंचायत प्रशासन की अहम भूमिका रही। ओर कोराना के प्रति आमजन को जागरूक किया इस मौके पर डॉ आशा बैन, पुर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल। सरपंच सुरेश बंजारा पंचायत कार्मिक ,पूर्णिमा व्यास, वैक्सीनेटर ऑफिसर नरेन्द्र खंडेलवाल , समाज सेवी हरिभाई पटेल, सीएचओ ओमप्रकाश भाटी, गजेन्द सैन, अशोक दवे, राम जीवन सुथार, प्रणीव गर्ग सहित कई लोग मौजूद थे ।

## जुए की फड़ पर दतिया पुलिस की दबिश 6 जुआरी 18230 रुपये सहित पकड़े गये

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

दतिया / श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री *अमन सिंह राठौर जी* के निर्देशन तथा श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री *कमल सिंह मौर्य* ,एसडीओपी महोदय दतिया, श्री *सुमित अग्रवाल जी* के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा गडरिया की चौकी के पीछे से 6 आरोपियों को ताश पत्तों से हार जीत का दाव लगाते जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया आरोपियों के कब्जे से ?18230 नकदी तथा ताश की गड्डी बरामद की गई ।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

1-गोविंद पुत्र धन सिंह निवासी एक नंबर स्कूल के पास ठंडी सड़क

2- बलवीर पुत्र मुल्लू निवासी झिरका बाग भांडेरी फाटक

3-संतोष पुत्र मोतीलाल निवासी ईदगाह मोहल्ला

4- शुभम यादव पुत्र लल्लू यादव निवासी गांधी चौक बडोनी

5-सत्येंद्र यादव पुत्र उत्तम यादव निवासी भांडेरी फाटक दतिया

6- रवि कुशवाह पुत्र उमेश कुशवाह निवासी गोंडा मोहल्ला दतिया

### इनकी रही मुख्य भूमिका

निरीक्षक रविन्द्र शर्मा थाना प्रभारी कोतवाली ,सउनि राम सिंह ,प्रधान आरक्षक शिव गोविंद ,आरक्षक रविंद्र यादव, जसवंत यादव ,गजेंद्र राजावत अमित, राहुल बौद्ध, आर चालक शिवराम गुर्जर,सैनिक अखिलेश।


# सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया अपने निवास स्थान पर जनता और कार्यकर्ताओं से हुए रूबरू

**नीरज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया अपने दो दिवसीय भिंड जिले के प्रवास पर भिंड आई और स्थानीय कार्यक्रमों मैं हुए शामिल थे 7

भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के एक दिवसीय प्रवास पर गवालियर से प्रस्थान कर अपने निजी निवास मीरा कॉलोनी पहुंचेंगे 7

सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया जनसंपर्क के तहत को स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद अपने गृह निवास पर अटेर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ साथ आम जनता की समस्याएं सुनी तत्काल विभागीय अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश भी दिए 7मंत्री डॉ अरविंद भदौरिया ने अपने निवास स्थान पर कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं



ने सेवा भाव से कोविड-19 से पीड़ित परिवारों के लिए कार्य किया अब हमें तीसरी लहर से भी अपना बचाव रखना है जिसके लिए हम सर्व समाज के बीच घर घर जाकर भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से चलाए जा रहे टीकाकरण मां अभियान को अमलीजामा पहनाने के लिए लोगों को जागृत करें मास्क अवश्य लगाएं और उन्होंने कहा कि शासन की जो योजना है उन्हें हम घर घर पहुंचाने का जनता को लाभ दिलाने का कार्य करें ।

उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में राज्य सरकार नगरीय निकाय चुनाव कराने की तैयारी कर रही है इससे पहले हमें अपने अपने नगर पालिका इन नगर परिषदों के प्रत्येक बूथ को मजबूत और संगठनात्मक ताकत को प्रभावी बनाते हुए कार्यकर्ता जनता के के बीच संवाद स्थापित कर केंद्र और राज्य सरकार की विकास जन कल्याण योजनाओं को पहुंचाएं और उन्हें लाभ दिलाने के लिए प्रेरित करें हम सब मिलकर नगरिया संस्थाओं में भिंड से लेकर लहर तक भाजपा का परचम फहराना है और संपूर्ण जिले को विकास की दिशा में आगे बढ़ाकर मोदी और शिवराज सरकार को मजबूत कराने के लक्ष्य के साथ हम आगे बढ़ें ।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद भदौरिया के साथ जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव अटेर जनपद के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री उपेंद्र राजोरिया मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल संतोष सिंह तोमर शैलेंद्र सिंह भदौरिया रायसिंह नरवरिया ग्राम पंचायत लावन सरपंच लालजी सिंह नरवरिया ग्राम पंचायत नायब सरपंच सुघर सिंह नरवरिया पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## जलेसर पुलिस ने अवैध असलहा कारतूस सहित दो अभियुक्त किये गिरफ्तार

**सोनू कुमार माथुर**

एटा। जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी जलेसर सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में अवैध असलहा कारतूस की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जलेसर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 2 अभियुक्त अश्वनी उर्फ भोला पुत्र धर्मेन्द्रुपाल सिंह निवासी ग्राम पटना थाना जलेसर पवन पुत्र अरविन्द्र कुमार निवासी पटना थाना जलेसर को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध पिस्टल दो कारतूस जिन्दा व तीन खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। इस संबंध में थाना जलेसर पुलिस द्वारा थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# बिठुडा पिरोसा गोपालसिंह परमार के सानिध्य में मीटिंग हुई सम्पन्न

**पुष्पाजंली टुडे , नारायणलाल सैणचा**

*पाली –सीरवी विकास संस्थान परगना सुमेरपुर संस्था की दिनांक - 25/07/2021, रविवार के दिन श्री आईमाताजी मन्दिर बिठुडा पिरान में आदरणीय पिरोसा गोपालसिंह परमार व पँचगणो, युवाओं, बुजुर्गों के सानिध्य में परगना समिति सुमेरपुर की प्रथम मीटिंग का आयोजन रखा गया। 17 गाँवो की परगना मीटिंग बहुत ही सकारात्मक रही। शिक्षा, संस्कार, मजबूत संगठन, नशामुक्ति, मृत्युभोज व अन्य समाज सुधार की बातों पर विशेष चर्चा हुई। संस्था का पूर्व नाम सीरवी विकास संस्थान सुमेरपुर था, अब इसमें सुधार कर सीरवी विकास संस्थान परगना सुमेरपुर कर दिया गया है। समाज के कोसेलाव भवन के रखरखाव, मरम्मत व इसके शिक्षा में काम नही आने की स्थिति में कर्मशीयल उपयोग पर सबकी सर्वसहमति से निर्णय लिया*



*गया व सुमेरपुर में समाज के शिक्षा के साथ साथ मल्टीपर्पज समाज भवन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। मीटिंग में अभिवक्ता मुलाराम परमार चाणोद ने एक ही ध्येय बस नाम नही काम हो इस बात पर विश्वास जताया। इस मीटिंग में स्वजातीय बन्धुओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 7 सदस्यों की कार्यवाहक कमिटी बना दी गई जो अल्प समय मे आवश्यक संशोधन कर अपना ब्यौरा तैयार कर समाज के पटल पर रखेगी। परगना स्तर की ये प्रथम मीटिंग थी। समाजसेवी मुलाराम परमार चाणोद, सीरवी विकास मण्डल विरार के अध्यक्ष जयेशभायल धणा, उपाध्यक्ष भंवरलाल सोलंकी ढोला, रमेश सोलंकी ढोला, एवम सभी अन्य गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे। निजी काम मे अतिव्यस्तता के कारण मीडिया प्रभारी नगाराम, गेहलोत बड़गाँवडा मीटिंग में नही जा पाए।*

## समाजसेवी पूर्व प्रधान अध्यापक शत्रुघ्न सिंह तोमर की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया



**गौरव शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

पोरसा समाज सेवी शत्रुघ्न सिंह तोमर पूर्व प्रधानाध्यापक भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जिनकी आज प्रथम पुण्यतिथि उनके निवास स्थान पर मनाई गई, जिसमें उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया जिसमें उपस्थित जनों ने 2 मिनट का मौन धारण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की, उसके बाद हॉस्पिटल में जाकर समस्त कार्यकर्ताओ ने शत्रुघ्न सिंह तोमर की पुण्यतिथि पर शासकीय अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें नरेंद्र सिंह तोमर, विश्व भरण सिंह शिक्षक, सरनाम सिंह तोमर गोविंद सिंह तोमर, कालीचरण सिंह तोमर, पूर्व विधायक कमलेश सुमन, रामवीर सिंह तोमर ,महाराज सिंह तोमर, मोहर सिंह तोमर, रामकुमार गुप्ता, अतुल गुप्ता, आनन्द सिंह तोमर,दिनेश शर्मा, रणवीर सिंह तोमर, अनिरुद्ध सिंह तोमर , रामरूप सिंह तोमर, डॉ रामनरेश सिंह तोमर, रामपाल सिंह तोमर, सुरेश सिंह तोमर सरपंच, अरविंद सिंह ठेकेदार,हाकिम सिंह तोमर, लक्ष्मी नारायण शर्मा, संतोष सिंह, संग्राम सिंह तोमर,अवधप्रकाश सिंह,महिपाल सिंह, अभिषेक सिंह,कमल सिंह तोमर, राधाकृष्ण गुप्ता, अंकुर, अंकित,रघुनंदन गुप्ता संतोष गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।




## समस्याओं को लेकर आप ने दिया ज्ञापन

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**

गोहद -नगर में व्याप्त पेयजल की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने गोहद नगरपालिका परिसर में प्रदर्शन कर सीएमओ सतीश दुवे को ज्ञापन दिया ओर जनता की समस्याओं से संबंधित मांगो को अवगत कराया इसी के साथ पार्टी से ज्ञापन के रूप में वार्ड नम्बर 9 ओर 10 की पानी की समस्या नाली पर चेम्बर, ओर खम्बे पर स्ट्रीट लाइट न होने की समस्याओ को रखा ओर वार्ड क्रमांक 5 नये थाने के पीछे कब्रिस्तान है जिसमें उसकी बाउंड्री का काम रुका हुआ है उसको जल्द से जल्द चालू करवाने के लिये कहा जिस पर सीएमओ द्वारा सभी मांगो को जल्द से जल्द पूरा करने का कार्यकर्ताओं को अस्वासन दिया ज्ञापन देने वालों में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे मुख्यरूप से जितेंद्र प्रजापति, राकेश माहौर,अबजाल शेख,मोहम्मद जुबैर, रविकांत रावत,जीतू प्रजापति, आसिफ अली , सोनू कुशवाह आदि मौजूद रहे।

# जल निकासी की समस्याओं को लेकर नपा सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

### आम आदमी पार्टी के शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में नपा सीएमओ को सौंपा ज्ञापन, शहर में नाले नालियां जाम होने से घंटों तक भरा रहता है पानी

**उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर**

भिण्ड । आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भिण्ड शहर में उत्पन्न जलनिकासी की समस्या से अवगत कराने नपा सीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया।जिसमें शहर के वार्ड क्रमांक 35 की गली नं. 5 व 6 में जल की निकासी ना होने के कारण जलभराव की समस्या तथा वार्डवासियों को आवागमन में परेशानी को लेकर ज्ञापन दिया गया।यहाँ बता दें कि शहर में नगर पालिका द्वारा बरसात से पहले ही नाले व नालियों का सफाई अभियान चलाया गया था लेकिन यह अभियान केवल कागजों तक ही सीमित रह गया।जल की निकासी ना होने के कारण यहां घंटों तक पानी गलियों में भरा रहता है। कई गलियों में आलम यह है कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। नाले नालियां चौक होने से पानी गलियों में भर गया। वहीं कुछ गलियों की हालत कच्ची होने से खराब हो गई जिसमें कई



इलाकों में एक से दो फीट तक पानी भर गया। जो घंटों तक नही निकल सका। ऐसे में लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो गए।इसी तरह लगभग हर मोहल्ले के ऐसे ही हालत है। लेकिन खासबात यह है कि यहां नाले नालियों की बरसात से पहले सफाई कराई जाने का दावा किया जा रहा था। ऐसे में अब यहां हालात ज्यादा खराब है। लोग भरे पानी मे पैदल निकलने को मजबूर है।

दलदल बनी सड़कों के कारण आदमी पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है सड़क दलदल बन गई। शहर के वार्ड नंबर 35 की गली नम्बर 5 व 6 के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।आज दिनांक 26/7 /2021 को भिंड शहर में व्याप्त गली में जल निकासी की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने भिंड नगर पालिका परिषद मैं प्रदर्शन कर भिंड शहर अध्यक्ष राजेश शाक्य के नेतृत्व में सीएमओ को ज्ञापन दिया।

आज के ज्ञापन में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे जो निम्न प्रकार हैं

जिला सचिव धीरज गुप्ता, शहर अध्यक्ष राजेश शाक्य ,शहर उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, नवीन श्रीवास्तव ,छोटू बिलभार ,श्री कृष्ण ,सौरव रावत ,रोहित रावत, राजकुमार सिंह परिहार, राघवेंद्र सिंह चौहान ,विवेक यादव, सुरेंद्र यादव,कल्लू चौहान आदि लोग उपस्थित रहे

### इनका कहना है

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि समस्या का ज्ञापन नगरपालिका सीएमओ को दिया गया है और कहा कि हम इसकी कई बार नगर पालिका को जानकारी दे चुके हैं इस बार ज्ञापन दिया।अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो हम सभी लोग कलेक्ट्रेट ऑफिस मैं धरना प्रदर्शन करेंगे।

---

मामले की पूरी जानकारी लेकर वहाँ पर नाले नालियों की साफ सफाई करवाई जाएगी।

**नपा अधिकारी**

# गिर्द विकास युवा मंडल सिमरिया टांका ग्वालियर द्वारा कोरोना योद्धा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**अमित शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर-गिर्द विकास युवा मंडल सिमरिया टांका (ग्वालियर) द्वारा स्वर्गीय श्री गंधर्व सिंह चौहान जी (दादाभाई) की स्मृति में जनपद पंचायत नरवर, जिला शिवपुरी के सभागार में कोरोना योद्धा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्री राजेन्द्र सिंह रावत पूर्व जनपद अध्यक्ष, डॉ आर आर माथुर ह्ड्वश नरवर, श्री संतोष शर्मा पत्रकार व समाजसेवी, श्री राकेश लक्षकार समाजसेवी, श्री नरोत्तम शर्मा समाजसेवी नरवर का एवं युवा मंडल के सक्रिय सदस्यों (कोरोना योद्धाओं) का सम्मान शॉल, श्रीफल, प्रमाण पत्र, भेंट कर किया गया, कार्यक्रम का संचालन मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता श्री गजेन्द्र रावत व आभार प्रदर्शन मंडल के संरक्षक श्री गजेन्द्र सिंह चौहान जनपद पंचायत नरवर ने किया, कार्यक्रम में मंडल के सभी साथियों द्वारा सहयोग कर





कार्यक्रम को सफल बनाया, इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह रावत जी ने कहा कि स्व.श्री गंधर्व सिंह चौहान जी ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत रहते हुए कई लोगों की मदद की, इसी प्रकार हम सभी को उनसे प्रेरणा लेकर इस कोरोना काल मे दूसरों की मदद करना चाहिए, डॉ आर आर माथुर द्वारा इस अवसर पर कोरोना से बचाव हेतु सभी को वेक्सीन लगवाने की सलाह दी व मंडल के इस कार्यक्रम को प्रसंशनीय बताया, श्री राकेश लक्षकार द्वारा बताया गया कि स्वर्गीय श्री गंधर्व सिंह चौहान जी एक सच्चे समाजसेवी थे, श्री संतोष शर्मा जी द्वारा अपने उद्बोधन में मंडल के इस कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि गिर्द विकास युवा मंडल प्रदेश में सबसे अच्छा कार्य करने वाला संगठन है, कोरोना काल मे इस मंडल द्वारा बहुत ही अच्छा कार्य किया है, इस अवसर पर मंडल के कार्यकर्ता वीरेन्द्र रावत, रिंकू छाबरिया, अभिषेक राठौर, अमित राठौर, भरत राठौर, दीपक जाटव, जितेन्द्र जोशी, मनोज सोनी, राहुल सेंगर, शेलेन्द्र चौहान, विकास केन, अरविंद जाटव, गिर्राज प्रजापति, मनीष नामदेव, सुनील बाथम, सूरज कुशवाह, अरविंद कुशवाह, दीपराज कुशवाह, रिंकू शर्मा, शुभम सेंगर, कपिल रजक, रिंकू जाटव, मोन्टी सेन आदि का भी सम्मान सॉल, श्रीफल व प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया।

# मुरैना में युवक की हत्या:एक दिन पहले घर से बुला ले गए आरोपी सुबह कुएं में लाश मिली; आक्रोशित गांववालों ने किया चक्काजाम

गौरव शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

कैलारस कस्बे के चचेड़ी गांव में युवक की हत्या कर दी गई। सुबह 8 बजे शव गांव के बाहर मौजूद कुएं में मिली। इसके बाद लोग आक्रोशित हो गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित ग्रामीणों ने पहाड़गढ़ तिराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया। करीब 5 घंटे तक लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने 2 नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। चचेड़ी गांव का रहने वाला 38 साल का सुंदर उर्फ गुड्?डन रविवार को घर पर था। शाम 4 बजे गांव के ही सूरज और ज्ञानेश अन्य चार-पांच लोगों के साथ घर आए। वे सुंदर को गांव में पुलिया निर्माण दिखाने की बात कहकर बाइक से ले गए। सुंदर देर रात तक घर नहीं आया। परिवार वालों ने तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह उसकी लाश गांव के बाहर कुएं में मिली *विधासभा चुनाव में भी हुआ था





झगड़ा* बताया जाता है कि गांव में पुलिया का निर्माण कराया गया था। इसे लेकर दोनों के बीच बहस हो चुकी थी। उसके बाद दोनों आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ सुंदर के घर पहुंचे और अपने साथ ले गए। सुबह गांव वालों ने सुंदर की बाइक सुजानगढ़ी धामड़ माता मंदिर के पास मौजूद कुएं के पास देखी, तो शक हुआ। उन्होंने कुएं में झांक कर देखा, तो कुएं में लाश पड़ी थी। लोगों ने पुलिस और सुंदर के परिवार को इसकी जानकारी दी *पहाड़गढ़ तिराहे पर लगाया जाम* उधर, सुंदर का शव मिलने के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। ग्रामीणों के साथ मिलकर शव को पहाड़गढ़ तिराहे पर रखकर जाम लगा दिया। जाम के कारण दोनों तरफ का ट्रैफिक रुक गया। लोगों ने सड़क पर ट्रैक्टर खड़े कर दिए। लोगों की मांग थी कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया जाए। पुलिस ने शिकायत पर सूरज, ज्ञानेश उर्फ कल्ली और अन्य चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इसके बाद मामला शांत हुआ *गांव की पुलिया के निर्माण दिखाने ले गए थे* बताया जाता है कि गांव में पुलिया का निर्माण कराया गया था। इसे लेकर दोनों के बीच बहस हो चुकी थी। उसके बाद दोनों आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ सुंदर के घर पहुंचे और अपने साथ ले गए। सुबह गांव वालों ने सुंदर की बाइक सुजानगढ़ी धामड़ माता मंदिर के पास मौजूद कुएं के पास देखी, तो शक हुआ। उन्होंने कुएं में झांक कर देखा, तो कुएं में लाश पड़ी थी। लोगों ने पुलिस और सुंदर के परिवार को इसकी जानकारी दी।

## वन-टू-वन



### अम्बाह पीजी कॉलेज के छात्रो ने कारगिल विजय दिवस की 22 वी सालगिरह के अवसर पर निकाली कैन्डल रैली...

**अम्बाह...** महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट आज दिन 26 जुलाई 2021 को सेना के पूर्व सैनिकों के साथ सामूहिक कार्यक्रम में शहिदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी और शहर में रेली निकलते हुए समस्त नगर वासियों को आज के दिन शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके अतिरिक्त आज शाम समस्त एनसीसी कैडेट अंबाह महाविद्यालय में एकत्रित हुए जहां महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर शिवराज सिंह तोमर ने समस्त कैडेटों को आज के दिन का महत्व बताते हुए कारगिल विजय दिवस शहीदों को नमन किया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीपक जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य श्री प्रवीण शर्मा जी भी उपस्थित थे। इसके पश्चात समस्त कैडेट एनसीसी अधिकारी मेजर वी.के जैन, कैप्टन मनोज शर्मा के निर्देशन में कैंडल रैली के लिए व्यवस्थित रूप से खड़े हुए तथा कैंडल रैली को एडीजे- अम्बाह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कैंडल रैली सर्वप्रथम अमर शहीद वीर नारायण सिंह तोमर स्थल पर पहुंची जहाँ प्राचार्य जी तथा एन सी सी अधिकारियों ने माल्यार्पण करके और दीपक जलाकर श्रद्धांजलि दी ।कैंडल रैली नगर में अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल तथा महाराणा प्रताप प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर दीपक जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस रैली का आयोजन 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी भिंड के कमान अधिकारी कर्नल राजीव शर्मा के निर्देशन तथा महाविद्यालय आइक्यूएसी के अंतरगत किया गया।



### बस स्टैंड स्थित जनसामान्य को हेलमेट एवं सीटबेल्ट लगाने के प्रति किया जागरूक

सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे

एटा। सोमवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह ?अभियान के तहत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हेमचंद्र गौतम के निर्देशन में जिले के शहरी क्षेत्र के वाहन चालकों को यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीटबेल्ट लगाने से स्वयं को सुरक्षित रखने के साथ ही ड्रंकन ड्राइविंग ना करने के प्रति जागरूक किया गया। सोमवार को बस स्टैंड स्थित सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हेमचंद्र गौतम, परिवहन निगम के एआरएम राजेश यादव एवं पीटीओ अभिनव चौधरी द्वारा जनसामान्य को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया साथ ही कोविड-19 को लेकर विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी साथ ही लोगों में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैनर, स्टीकर आदि भी वितरित किए गए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने जनसामान्य से अपील की रोड़वेज बसों में यात्रा करते समय मास्क अवश्य लगाएं एवं मोटरसाइकिल चालक हेलमेट व चौपहिया वाहन चालक सीटबेल्ट का उपयोग अवश्य करें। इस अवसर पर यातायात उपनिरीक्षक बचान सिंह शाक्य, ध्यान पाल सिंह, राजेश, हरीशंकर प्रवर्तन सिपाही के अलावा सामान्य जन उपस्थित रहे।




### पॉलिथीन मुक्त बनाने सड़कों पर उतरी नगरपालिका



मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे

गोहद-बाजारों को पॉलिथीन मुक्त बनाने का संदेश लेकर नगर पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाजार मे पूर्ण रूप से भ्रमण करते हुए दुकान दुकानों से सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियों को जब्त किया साथ ही कुल 13 दुकानदारों पर चालान किए जिनमें कुल 3200/रुपए वसूल किए गए साथ ही दुकानदारों को हिदायत दी गई कि वह पॉलिथीन मुक्त बाजार बनाने के लिए कागज की थैलियों या कपड़ों के थैलों का इस्तेमाल करना प्रारंभ कर दें जिससे कि नगर साफ और स्वच्छ रहेगा साथ ही इसे खाकर मरने बाले पशु भी बच सकेंगे एवं बाजारों मौहल्लों में जाम होने बाली नालियों की परेशानियों से भी बचा जा सकेगा और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव से निजात मिलेगी बीमारियों से बचा जा सकेगा इस कार्रवाई में मुख्य रूप से गोपाल रावत जहान सिंह आशीष शर्मा दिनेश शर्मा मायाराम बाबूजी अशोक बाल्मिक सहित लगभग दो दर्जन कर्मचारी मौजूद थे।

## श्राबण मास के पहले सोमबार को भगबान शिब की आस्था को लेकर पार्क में किया बृक्षा रोपण

केशब पंडित ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

अम्बाह / चम्बल यशगान यात्रा के तहत श्रावणमास के पहले सोमवार को जयश्वर महादेव पार्क अम्बाह में बरगद के दो पौधों का रोपण शिबमोहन पटबारी अम्बाह ,डा मनोज मण्डल बंगाली ,केशव पंडित जी पत्रकार राजकुमार बाल्मीक ,राजेश बाल्मीकि राजेश सिलाबट के द्वारा किया गया इस अवसर पर चम्बल यशगान यात्रा के संयोजक नीलेश शर्मा ने कहा की भगवान शिव प्रकृति प्रेमी है उनके स्वरूप का हम ध्यान करेंगे तो देखेंगे वह कैलाश पर्वत पर रहते हैं उनको पहाड़ पसंद है जटाओं में माँ गंगा है अर्थात जल प्रदूषण रोकने का संदेश ,गले में सर्प साथ में नंदी बाबा जीव जंतुओं के प्रेम को दर्शाता है बैल पत्र चढाने से प्रसन्न होतें हैं जो उनके पेड पौधों के प्रेम को दर्शाता है अत हम सभी सावन में भगवान



भोलेनाथ की पूजा करें और वृक्षारोपण भी करें

संसार के हित के लिये स्वयं विषपान करना और सभी के लिये अम्रत पान । हमको भी समाज हित के लिये पौधोरोपण करना चाहिए ,नदियों और तालाबों में गंदगी ना करे ,रोड पर कचरा ना फेंके ,सफाई कर्मी भी हमारे भाई बंधू हैं इनके काम में सहयोग करें और इनके प्रति सदैव सम्मान का भाव रखें बरगद के दोनों पौधों के देखभाल की जिम्मेदारी राजकुमार सिलावट, व राजेश बाल्मीक और राजकुमार बाल्मीक बाबा ने ली।


## शिवपुरी खतौरा- दीवाल तोड़कर किराना की दुकान से हजारों का माल ले उड़े चोर !



*संजीव शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे*

*खतौरा / प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष जैन पुत्र जिनेंद्र कुमार जैन की मेन रोड खतौरा में परचूनी की दुकान मे रबिबार की रातअज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे वाली दीवाल तोड़कर दुकान में रखे सामान कोअपना निशाना बनाया चोर नगदी सहित लगभग 60000 का माल चुरा ले गये पहले भी ऐसी घटनाये खतौरा मार्केट में हो चुकी है जिससे व्यापारियों में भय का माहौल व्याप्त है खबर लिखे जाने तक पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैऔर आस पास लगे हुए सीसी टीवी की रिकॉडिंग खागली जा रही हैं ।*

## खोड भाजपा स्तर पर कार्यसमिति बैठक आयोजित की गई



नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

पाली। रानी ब्लाक के ग्राम पंचायत खोड चाचोडी-भारतीय जनता पार्टी खोड भाजपा मंडल स्तर पर कार्यसमिति की बैठक पाली भाजपा जिला अध्यक्ष मशाराम परमार, सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत। पाली सांसद पीपी चौधरी के निर्देशानुसार खोड मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह खरोकडा के नेतृत्व में खोड मंडल पूर्व उपाध्यक्ष शैतान सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता* में बैठक आयोजित हुई।

*मुख्य अतिथि जिला मंत्री व खोड भाजपा मंडल प्रभारी जयवर्धन रांकावत* *विशेष अतिथि* - पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद किशोर परिहार खोड मंडल आईटी। संयोजक प्रभु सिंह राव चाचोडी खोड मंडल उपाध्यक्ष नारायण सिंह राव नादाणा। खोड मंडल उपाध्यक्ष मदन लाल सीरवी बुसी निवर्तमान खोड मंडल ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष घेवर चंद परमार बुसी सहित आदि वक्ताओं ने बारी बारी से संगठन के बारे में जानकारी एवं संगठन को मजबूत करने एवं बुथ स्तर पर समिति बनाने एवं कार्यकारिणी को मजबूत करने को कहा। *इस अवसर पर*-ओबीसी मंडल महामंत्री पुखराज सिरवी खोड मंडल महामंत्री धनाराम सिरवी पुलिस मित्र मंडल ग्राम रक्षक शांतिलाल राजपुरोहित मांडल।चाचोडी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच मखना राम सिरवी चाचोडी पूर्व सरपंच प्रतिनिधि समाजसेवी हिर सिंह राजपुरोहित भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता सोहन सिंह राजपुरोहित भोपाजी रणजीत सिंह वाघेला। आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद ।

## शास उच्च माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी कला में मनाया गया हरियाली महोत्सव, लगाएं गये स्कुल परिसर में पौधे

### प्राचार्य डी आर गजबे ने समस्त शालेय परिवार को दिलाई शपथ

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ , पुष्पांजली टुडे

बालाघाट / हरियाली महोत्सव मनाने का प्रमुख कारण प्रकृति के साथ एकसार होने का है। सभी पेड़-पौधों, पशु-पक्षी एवं मनुष्य के एकलय होने से ही पर्यावरण संरक्षण हो सकेगा। जिस प्रकार सूर्य, चंद्रमा, हवा, गंगा, यमुना, नर्मदा निरंतर अपने पथ पर काम करते है उसी प्रकार यदि समस्त व्यक्ति व्यवस्थित रूप से कार्य करें तो हमें पर्यावरण दिवस एवं हरियाली महोत्सव नहीं मनाना पड़ेगा।

इसको मनाने का कारण ही यह है कि हम अपना कार्य व्यवस्थित रूप से नहीं कर रहें हैं क्योंकि यह सिर्फ एक दिन या एक पखवाड़ें के रूप में नहीं बल्कि निरंतर चलने वाला अभियान है। प्रकृति से आत्मीयता, प्रेम और सद्भाव नहीं होगा तो हम प्रकृति से समन्वय स्थापित नहीं कर सकते और यहीं से



पर्यावरण में असंतुलन प्रारंभ होता है। लेकिन इसी संतुलन को बनाए रखने के उद्देश्य के साथ जिले की विकासखंड लांजी अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी कला में दिनांक 26 जुलाई को हरियाली महोत्सव के अंतर्गत तथा गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व एवं श्रावण मास के पृथम सोमवार को शाला परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शाला परिसर में समस्त गुरूजनों के द्वारा 50 पौधे एवं उनकी एकल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्री गार्ड भी लगाया गया।

संस्था के प्राचार्य श्री देवराम गुर्दे के द्वारा सभी शिक्षकों को परिसर में लगाएं गये सभी पौधों के संरक्षण करने तथा उनकी देखभाल करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान शाला के शिक्षक टीकाराम नेवारे, कमल किशोर मेश्राम, शशिकांत चौहान,लीलचंद घोरमारे, उदयचंद रहांगडाले, श्रीमती सुषमा गेडाम, श्रीमती ठाकुर मैडम तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


## भाजपा कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

पाली ।रानी ब्लाक के ग्राम चांचौडी के खरोकड़ा रोड स्थित चेलोबा की ढाणी में सोमवार को भाजपा खोड़ मण्डल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। आईटी सेल संयोजक प्रभुसिंह राव ने बताया है कि बैठक सर्वप्रथम दिप प्रजलन कर बैठक का शुभारंभ किया बैठक में कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई बैठक ज़िलामंत्री जयवर्द्धनजी रांकावत की अध्यक्षता में आयोजित गई । बैठक में आगामी संगठन के विस्तार व प्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई जिसमें मुख्य वक्ता ज़िलामंत्री जयवर्द्धनजी रांकावत पूर्व जिला परिषद सदस्य नंदकिशोरजी परिहार आईटी सेल संयोजक प्रभुसिंह राव ने कार्यकर्ताओं एंव पार्टी समर्थकों को सम्बोधित किया ।

### सँगठतात्मक नियुक्ति पर विचार

कार्यक्रम में ज़िलामंत्री जयवर्द्धनजी रांकावत ने बताया है कि भाजपा में सँगठतात्मक नियुक्ति का दौर है प्रदेश द्वारा नियमानुसार बुथ समिति ,मोर्चाध्यक्ष , पदाधिकारी नियुक्त करने और वैसे पदाधिकारी नियुक्त करने है जो पदाधिकारी चुनाव में वंचित रहे और कार्य का अनुभव व पार्टी में अपना समपर्ण कर



सके । भाजपा में कार्यकर्ता सबसे बडा पदाधिकारी होता है पूर्व जिला परिषद सदस्य नंदकिशोरजी परिहार ने संबोधित कर संगठन की जानकारी दी मण्डल अध्यक्ष हुकमसिंह खरोकड़ा ने सबका अभिवादन कर आभार प्रकट किया

### यह रहे मौजूद

ज़िलामंत्री जयवर्द्धनजी रांकावत मंडल अध्यक्ष हुकमसिंह खरोकड़ा आईटी सेल संयोजक प्रभुसिंह राव चांचौडी उपाध्यक्ष नारायणसिंह नादाना मदनलाल सीरवी बुसी घेवरचंद परमार निवर्तमान ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष खोड़ मंडल सोहनसिंह भोपोजी पृथ्वीसिंह शैतानसिंह दुदसिंह पूर्व सरपंच मकनाराम सीरवी हीरसिंह उदयसिंह मोहनसिंह चंपालाल शांतिलाल छोगसिंह लालसिंह राजपुरोहित रणजीतसिंह वाघेला कालूदास पुखराज सीरवी नेनाराम सीरवी भोमाराम मीणा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खतौरा में स्वर्णकार समाज का 19 वा स्थापना दिवस आयोजित

संजीव शर्मा रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे न्यूज़

खतौरा / मध्य प्रदेश स्वर्णकार समाज कल्याण समिति के19 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष में प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश वर्माजीएवं श्रीमती बंदना माहौर के निर्देशानुसार ग्राम खतौरा जिला शिवपुरी मैं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग महामंत्री श्री वृंदावन प्रसाद सोनी के मुख्य आतिथ्य् मैंबड़े हीधूम धाम से मनाया गया इस उपलक्ष परगायत्री परिवार खतौरा केसभी कार्यकर्ता श्री प्रमोद शर्मा (गुरुजी)श्री मोहन प्रसाद सोनी राजीव राठौर सपनेश सोनी देवेंद्र यादव सौरभ सोनी विजय सिंह दांगी आदि लोग उपस्थित रहे साथ ही इस उपलक्ष पर 101 पेड़ों का वृक्षारोपण भी कराया गया ।

## वन-टू-वन

### जनपद साइबर सेल द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए 18 पीड़ितों के खाते में करीब 6 लाख रुपए की धनराशि कराई वापस

सोनू कुमार माथुर

एटा। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सेल द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए 18 पीड़ितों के खाते में करीब 06 लाख रुपए की धनराशि वापस कराने में सफलता प्राप्त की है। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा द्वारा साइबर सेल की टीम को प्रकरणों की जांच कर पीड़ितों की समुचित मदद करने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर सेल एटा द्वारा मामलों की गंभीरता से जांच कर त्वरित व लाभप्रद कार्यवाही करते हुए आज तक पीड़ितों की कुल ठगी गई धनराशि में से 602682 रुपये की रकम को पीड़ितों के बैंक खाते में वापस कराया गया है। अपने पैसे वापस पाकर पीड़ितों द्वारा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

### साइबर सेल एटा द्वारा साइबर ठगी से बचने हेतु आमजन को संदेश

किसी भी कंपनी का कस्टमर केयर नंबर उस कंपनी के आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें क्योंकि आजकल साइबर ठगों द्वारा अपने नंबरों को विभिन्न ऑनलाइन कंपनियों के कस्टमर केयर के नाम से गूगल पर अपडेट किया गया है। कोई भी बैंक अधिकारी फोन पर कभी भी आपसे एटीएम खाते, क्रेडिट कार्ड अन्य से संबंधित जानकारी नहीं मांगता इसलिए कभी भी फोन कॉल पर अपने बैंक से संबंधित जानकारी शेयर ना करें। किसी भी क्यूआर कोड से पेमेंट लेते देते समय यह अवश्य चेक करें कि क्यूआर कोड पेमेंट रिसीव करने वाला है।




### हाईकोर्ट ग्वालियर में 11 सितम्बर को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नईदिल्ली के निर्देशानुसार एवं न्यायमूर्ति शील नागू प्रशासनिक न्यायाधिपति/ को-चेयरमेन उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर के मार्गदर्शन में 11 सितम्बर 2021 (शनिवार) को म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्रिंसिपल रजिस्ट्रार/सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर विमल प्रकाश शुक्ला ने बताया कि इस लोक अदालत में उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत चैक बाउंस प्रकरण, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना क्लेम अपील, श्रम प्रकरण, विद्युत एवं जल बिल, वैवाहिक प्रकरण, भू-अधिग्रहण सर्विस व सेवानिवृत्ति स्वत्व भुगतान संबंधी रिट पिटीशन, सिविल प्रकरण एवं राजस्व प्रकरण सहित अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से निराकृत प्रकरणों में पक्षकार पूर्व में अदा की गई कोर्ट फीस वापस पाने का हकदार होगा। जो पक्षकार उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के समक्ष लंबित अपने प्रकरणों का निराकरण उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराना चाहते हैं वह अपनी सहमति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर (नवीन उच्च न्यायालय भवन परिसर) के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। पक्षकारगण से अपील की गई है कि उक्त लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर अपने प्रकरणों का निराकरण करवाकर लोक अदालत का लाभ प्राप्त करें।

### शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर चाकू मारे

**ग्वालियर।** उपनगर ग्वालियर के मद्दी बाजार में शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर बदमाश ने एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर थाना क्षेत्र के रानीपुरा निवासी अरविंद भदोरिया बीते रोज बाजार जा रहे थे जब वह मद्दी बाजार में पहुंचे तो धानु बेस नामक बदमाश ने उनका रास्ता रोक दिया और शराब के लिए पैसे मांगने लगा ।जब अरविंद ने शराब के लिए पैसे देने से मना किया तो धानु ने उन्हें चाकू मारकर घायल कर दिया और भाग गया ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# 100 रुपए के लिए पति ने जिंदा जलाया था, आग से झुलसी महिला की मौत, पति ने लगाई थी आग

**ग्वालियर।** ग्वालियर में अभी पत्नी को तेजाब पिलाने का मामला लोग भूले भी नहीं थे कि अब पेट्रोल पिलाने और जिंदा जलाकर हत्या करने का मामला सामने आ गया है। 7 दिन पहले पति ने सिर्फ 100 रुपए नहीं देने पर पत्नी को जबरदस्ती पेट्रोल पिलाने की कोशिश की, जब इसमें सफल नहीं हुआ तो पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

गंभीर हालत में महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। घटना सुनारो की बगिया में 19 जुलाई की रात की है। 7 दिन तक महिला जिंदगी और मौत से संघर्ष करती रही। इस दौरान उसने पुलिस को पूरी कहानी सुनाई। पर सोमवार को महिला ने दम तोड़ दिया है। आरोपी पति को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**यह है पूरा मामला:** बहोड़ापुर सुनारों की बगिया निवासी 23 वर्षीय माधवी खटीक पत्नी गोविन्द खटीक को झुलसी हुई गंभीर हालत में उसकी जेठानी रतना खटीक अस्पताल लेकर पहुंची थी। यहां उसके घर में जलने की बात कही गई थी। डॉक्टर ने अपने स्तर पर इलाज शुरू करने के साथ ही पुलिस को मामले की सूचना दी थी। पुलिस ने भी अपने स्तर पर विवेचना शुरू कर दी थी। इस मामले में 21 जुलाई को उस समय नया मोड आया था जब



पीड़िता ने बोलने की स्थिति में आकर अपने साथ हुई घटना का खुलासा किया था। माधवी ने पुलिस को दिए बयान में कहा था कि उसे उसके पति ने जिंदा जलाया था। उसने बयान में बताया था कि उसकी शादी को चार साल ही हुए थे। उसके एक बेटी आयुषी है। पति अक्सर परेशानी करता था। घटना वालेदिन पति बाहर से आया और 100 रुपए मांगने लगा। उसके पास नहीं थे और उसने देने से मना कर दिया। जब उसने रुपए नहीं दिए तो पति गाड़ी से पेट्रोल निकाल लाया और मुझे जबरदस्ती पिलाने लगा। जब उसने पेट्रोल नहीं पीया तो पति ने पेट्रोल की बोतल उस पर उड़ेल दी और माचिस से आग लगा दी। आग से जलने पर मदद की आवाज लगाई तो उसकी जेठानी रत्ना वहां पर पहुंची और आग बुझाकर उसे अस्पताल लेकर आई थी।

**7 दिन तक संघर्ष किया, कहती रही पति को मत छोड़ना:** माधवी चाहती थी कि वह जिंदा रहे और अपनी बच्ची की देखभाल करे, लेकिन वह नहीं जानती थी कि उसकी हालत कितनी गंभीर है। सात दिन तक उसने मौत को हराने के लिए संघर्ष किया। आखिर में उसकी जीने की इच्छा कमजोर पड़ गई और मौत उस पर हावी होती चली गई। पर आखिरी दम तक वह यही कहती रही कि उसके पति को नहीं छोड़ना।

# सिंध नदी में बहे दोनों युवकों के शव मिले

**ग्वालियर।** ग्वालियर के दो इंजीनियरिंग छात्र रविवार दोपहर भितरवार धूमेश्वर धाम पर सिंध नदी में नहाते समय बह गए थे। दोनों एक दूसरे को बचाते हुए गहरे पानी में समा गए थे। दोनों दोस्तों के शव सोमवार को रेस्क्यू टीम को मिल गए हैं। एक छात्र का शव सोमवार दोपहर 12 बजे मिला। दूसरे का शव शाम को 6 बजे स्पॉट से करीब आधा किलोमीटर दूर मिला है। अभी बारिश के चलते बार-बार नदी में पानी बढ़ने से वहां रेस्क्यू टीम को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। मृतक दोनों गहरे दोस्त थे। बचपन में स्कूल से साथ रहे और साथ में इंजीनियरिंग करने की सोची। एक का पुणे कॉलेज में दाखिला हुआ तो दूसरा ग्वालियर से ही पढ़ाई कर रहा था। पर कोविड ने एक बार फिर उन्हें मिला दिया था। दोनों जैसे साथ जिए थे वैसे ही एक दूसरे को बचाते-बचाते दुनिया छोड़ गए।




**यह है पूरी घटना:** ग्वालियर के दाल बाजार, नई सड़क से व्यापारियों का एक दल रविवार दोपहर पिकनिक मनाने के लिए धूमेश्वर धाम मंदिर पहुंचे थे। इस दल में नई सड़क निवासी किशन होतवानी और कितांशु शाक्य निवासी कंपू भी शामिल थे। यह दोनों बचपन के दोस्त हैं और क्क्ष फाइनल ईयर के छात्र हैं। धूमेश्वर मंदिर पहुंचने के बाद दर्शन करने से पहले सभी नहाने के लिए नदी में उतरे थे, लेकिन उसी समय किशन होतवानी अचानक गहरे पानी और बहाव में चला गया। उसे तैरना भी नहीं आता था। जैसे ही वह बहने लगा तो उसे बचाने के लिए उसका दोस्त कितांशु शाक्य भी गहरे पानी में कूद गया। इसके बाद दोनों एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए पानी के बहाव में बहते चले गए। लोगों ने कुछ दूरी तक उनको बहते देखा फिर वह नदी के बहाव में कहीं गुम हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ग्वालियर से हृष्ठक्रम्न की टीम भी मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन इस बचाव कार्य में काफी देर हो चुकी थी। दोनों बच्चों के डूबने का पता चलते ही परिजन भी वहां पहुंच गए थे।

**22 घंटे बाद मिला पहला शव:** घटना के करीब 22 घंटे बाद सोमवार दोपहर 12 बजे किशन होतवानी का शव डूबने वाले स्थान से करीब 200 मीटर दूर पत्थरों में उलझा मिला। इसके बाद कितांशु की तलाश जारी रही। पर वह कहीं नहीं मिल रहा था। किशन को बचाने वह पानी में कूदा था। काफी तलाश किया जा रहा था। कितांशु का शव किशन के शव मिलने के 6 घंटे बाद करीब आधा किलोमीटर दूर मिला है। दोनों शवों को पुलिस ने निगरानी में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा है।

**मौत के बाद भी जिंदा कर गए दोस्ती:** लोगों का कहना था कि दोनों बचपन से स्कूल में साथ पढ़े। दोनों में गहरी दोस्ती थी। इसके बाद बड़े हुए तो इंजीनियरिंग का फैसला भी साथ लिया। कितांशु पुणे महाराष्ट्र से इंजीनियरिंग कर रहा था। किशन ग्वालियर के एक कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। वैसे तो अक्सर मुलाकात होती थी, लेकिन एक साल से कोविड के चलते कितांशु ग्वालियर में ही था। इस कारण दिन भर साथ रहते थे। दोनों की मौत हो गई, लेकिन जैसे एक दूसरे को बचाते हुए उन्होंने दम तोड़ा उससे दोस्ती को हमेशा के लिए जिंदा कर गए।

### स्वच्छता सिर्फ अभियान ही नहीं, हम सबकी जिम्मेदारी है: निगमायुक्त

**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने सोमवार को सुबह महाराज बाडा सहित सर्राफा बाजार, नई सडक, हुजरात पुल होते हुए नए बाजार में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा विभिन्न कॉलोनियों में रह वासियों से स्वच्छता में सहयोग की अपील की। शहर की उत्कृष्ठ साफ सफाई व्यवस्था के लिए निगमायुक्त श्री वर्मा द्वारा नियमित किए जा रहे निरीक्षण एवं मॉनीटरिंग के क्रम में आज सोमवार को निगमायुक्त श्री वर्मा ने वार्ड 42 स्थित शक्कर कॉलोनी, नई सडक एवं वार्ड 46 में नया बाजार, गणेश कॉलोनी, हुजरात पुल क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को देखा तथा कॉलोनी के रहवासियों से कहा कि सफाई एक दिन कार्य नहीं और न ही सिर्फ अभियान है बल्कि हम सभी को स्वच्छता को अपनी आदत बनाते हुए नियमित रुप से वर्षभर स्वच्छता के लिए कार्य करना चाहिए एवं अपने आसपास हमेशा स्वच्छता रखनी चाहिए।















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478